हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री



12 दावा : नवजात शिशु वार्ड, पोषण पूरक केंद्र और डीईआईसी बंद, सीएस : प्रभावित नहीं



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# गजेंद्र के मंत्री बनने की खबर के बाद दुर्ग में समर्थकों का उमड़ा रेला, आज जाएंगे रायपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन में तीन नए मंत्रियों के नामों की घोषणा होनी है। इनमें एक नाम दुर्ग शहर से विधायक गजेंद्र यादव का भी सामने आया है। इसे लेकर 20 अगस्त को सुबह साढ़े 10 बजे रायपुर में विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। इसके तुरंत बाद तीन विधायक मंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इस खबर के बाद दुर्ग शहर में मंगलवार को पूरे दिन गजेंद्र यादव के समर्थकों में जश्न का माहौल रहा। गंजपारा स्थित उनके कार्यालय में सुबह से लोग बधाई देने पहुंचते रहे। इस दौरान निगम सभापति श्याम शर्मा, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, नरेंद्र बंजारे मिलने पहुंचे।

## गजेंद्र यादव की बढ़ाई गई सुरक्षा, बुधवार को बैरिकेडिंग से लेकर किए जाएंगे अन्य इंतजाम

### 14 मंत्रियों के हरियाणा फॉर्मूले को छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक हरियाणा की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी 14 मंत्रियों का फार्मूला लागू किया जा रहा है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 11 मंत्री है। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद एक मंत्री का पद रिक्त हुआ था। उसके बाद से ही मंत्रियों की संख्या बढ़ाए जाने की कयास लगाए जा रहे थे। वर्तमान में तीन और मंत्रियों के नामों को लेकर चर्चा है। इसमें गजेंद्र यादव के अलावा आरंग विधायक खुशवंत साहेब, अंबिकापुर विधायर राजेश अग्रवाल का नाम शामिल है। राजेश अग्रवाल प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे और कांग्रेस के कद्दावर नेता टीएस सिंहदेव को हराकर चर्चा में आए थे।



### अब तक ऐसी कोई खबर नहीं मिली

अब तक ऐसी कोई खबर नहीं मिली है। अखबारों और पार्टी के कुछ नेताओं ने बस इस बारे में जानकारी दी है। सुबह से ही गंजपारा स्थित कार्यालय में लोग पहुंच रहे थे। 20 अगस्त को विधायक दल की बैठक होनी है। उसमें ही नाम तय होगा, इससे अधिक मुझे जानकारी नहीं है। यदि मुझे मौका दिया जाता है, तो जनता की सेवा समर्पित भाव से करता रहूंगा। - **गजेंद्र यादव,** विधायक दुर्ग शहर

### गजेंद्र यादव का मंत्री बनना काफी अहम

गजेंद्र यादव का मंत्री बनना दुर्ग के लिहाज से काफी अहम है। पिछली सरकार में इस क्षेत्र से चार-चार मंत्री थे। वर्तमान में सिर्फ दयालदास बघेल मंत्री हैं, जो भी बेमेतरा जिले के नवागढ़ से आते हैं। जबकि दुर्ग जिले में ही 6 में से 4 विधायक भाजपा के हैं। इनमें रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा और गजेंद्र यादव शामिल है। दुर्ग हमेशा से प्रदेश की राजनीति का केंद्र रहा है। दुर्ग से बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय और वर्तमान सांसद विजय बघेल आते हैं।

## खबर संक्षेप

### हथियार लेकर दबंगई दिखाने वाला गिरफ्त में



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को दबंगई दिखाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ढांचा भवन कुरुद निवासी सोहेल खान उर्फ खलनायक युवक मैदान के पास अवैध रूप से धारदार हथियार चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। जामुल पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### डायलिसिस कराकर घर लौट रही महिला से लूटपाट, तीन गिरफ्तार


**भिलाई।** डायलिसिस कराकर घर लौट रही महिला से लूटपाट करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने तीन आरोपी को पकड़ लिया है।वहीं एक आरोपी फरार है। जीआरपी भिलाई तीन ने बताया कि 17 अगस्त की रात 10 बजे रेलवे कॉलोनी भिलाई तीन निवासी कुमुद पटेल अपने भाई आकाश श्रीवास्तव के साथ निजी अस्पताल से डायलिसिस कराकर घर लौट रही थीं। तभी घर पहुंचते ही चार युवक अचानक सामने से आए और उनका काला बैग छीन लिया। बैग में 500 रुपए और डायलिसिस की पर्ची थी। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से महिला के सिर पर वार किया। बचाव में आए भाई आकाश के साथ भी मारपीट की घटना हुआ। विवाद देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। आरोपी जल्दबाजी में अपनी बाइक छोड़ फरार हो गए। जीआरपी ने बाइक के आधार पर आरोपियों का खोजबीन करना शुरु किया। तब पुलिस को भूपेन्द्र कुमार , अखिलेश उर्फ राजा, दुष्यंत दास की जानकारी मिलने पर गिरफ्तार किया। वहीं चौथा आरोपी देवाशीश फरार है। आरोपियों से पूछताछ करने पर बैग और रॉड को नाले में फेंक दिया और लूटे गए पैसे को खाने-पीने में खर्च कर दिए। 18 अगस्त को तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### रविवार व मंगलवार को हुई बारिश से बड़ी राहत , शिवनाथ नदी में 6 हजार क्यूसेक पानी और आया

# पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश का असर, तांदुला में 79 और खरखरा में 76 प्रतिशत जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रविवार और मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने जलाशयों का जलभराव बेहतर कर दिया है। मंगलवार दोपहर को दो घंटे में ही 8.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। सूखे खेतों में भी पर्याप्त पानी मिला है। इस बारिश ने धान की फसल को संजीवनी दी है। जिले में एक जून से अब तक 652.1 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल इस समय तक 696 मिमी औसत बारिश हुई थी। पिछले साल से 5 मिली औसत बारिश की कमी है लेकिन पेयजल और सिंचाई के लिए पानी देने वाला तांदुला जलाशय में 79 प्रतिशत जलभराव हो गया है। खरखरा जलाशय का जलभराव 76 फीसदी हो चुका है। इधर शिवनाथ नदी में भी वनांचल क्षेत्रों से 6 हजार क्यूसेक पानी और आया है।



### महमरा एनीकट में पांच फीट ऊपर पानी

वनांचल क्षेत्रों में भी लगातार बारिश हो रही है। जिसकी वजह से मानपुर -मोहला जिला, राजनांदगांव जिले के बैराजों में पानी की अधिकता हो गई है। हालात को देखते हुए बैराजों से पानी छोड़ा जा रहा है। सोमवार को इन बैराजों से पानी छोड़ना बंद किया गया था लेकिन मंगलवार को मोंगरा जलाशय से 6 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसकी वजह से महमरा एनीकट में अब भी 5 फीट ऊपर पानी चल रहा है।

### इस बार लंबे समय के बाद जलभराव हुआ बेहतर

तांदुला सहित सभी जलाशयों में इस बार लंबे समय के बाद जलभराव बेहतर हुआ है। पिछले साल की तुलना में जलभराव की स्थिति अच्छी नहीं थी लेकिन शनिवार, रविवार और मंगलवार को हुई बारिश ने राहत प्रदान की है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक 19 अगस्त 2025 की स्थिति में तांदुला जलाशय में 78.73 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। खरखरा जलाशय 76.29 प्रतिशत और गोंदली जलाशय में 66.79 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। खपरी जलाशय 100 प्रतिशत भर चुका है। इस जलाशय से रिसाली निगम क्षेत्र के तीन वार्ड के लोगों को पानी मिलता है।



मंगलवार की दोपहर ट्विनसिटी में तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित

### आज से बारिश होगी कम

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा के मुताबिक दक्षिण आंतरिक ओडिशा पर बना अवदाब पिछले 6 घंटों के दौरान बढ़ा। 19 अगस्त को भवानीपटना (ओडिशा) से लगभग 20 किमी उत्तर-पू (ओडिशा) से 120 किमी दक्षिण-पूर्व में केंद्रित रहा। इसके दक्षिण आंतरिक दिशा में आगे बढ़ने और अगले 12 घंटों के दौरान एक स्पष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र कमजोर पड़ने लगा है। मानसून की द्रोणिका दीव, सूरत, नंदुरबार, अमरावती, दक्षिण आंतरिक वहां से पूर्व दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के पूर्व मध्य तक औसत समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर तक फैली हुई है। 20 अगस्त को हल्की व मध्यम बारिश हो सकती है। वर्षा की गतिविधि आगे कम होती जाएगी।

# नो पार्किंग में वाहन रखने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ऑपरेशन सुरक्षा ट्रैफिक पुलिस द्वारा खुर्सीपार क्षेत्र में विशेष जांच अभियान के तहत नो पार्किंग पर वाहन खड़ा करने वाले चालको के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि शाम और रात को ट्रैफिक दबाव अधिक होता है। इसके बाद हाईवे रोड के सर्विस लेन पर ट्रक खराब होकर खड़ा था, जिसे हटाने की कार्रवाई चल रही थी। 4 बसें सर्विस लेन में प्रवेश कर गईं। जिसके कारण ट्रैफिक जाम हुआ। ट्रैफिक पुलिस ने बस सीजी 04 ई 2247, वाहन स्वामी अजय संघरव, बस सीजी 07 सीवी 4612, वाहन स्वामी ओमप्रकाश साहू, बस सीजी 07 ई 1125, वाहन स्वामी प्रमोद पाल, बस सीजी 07 ई 0905, वाहन स्वामी अमित सोनी के चालको पर आदेश की अवहेलना, गलत पार्किंग, ट्रैफिक बाधा उत्पन्न करने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई कर कुल 1800 समन शुल्क वसूला गया। वहीं बस सीजी 7 ई 4600 चालक मो. अजाद तकियापारा ने कोसानाला हाईवे रोड पर व्यक्ति को ठोकर मारकर घायल किया। बस चालक घटना के बाद भागने का प्रयास कर रहा था। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन चालक नहीं रुका और वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस दल ने चालक का पीछा करते हुए बस को खुर्सीपार चौक पर रोका गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# गोढ़ी पंचायत में 31.46 लाख का लगाया फर्जी बिल, सचिव बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धमधा ब्लाक के ग्राम गोढ़ी के पंचायत सचिव महेश रात्रे को गड़बड़ी के मामले में जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बर्खास्त कर दिया है। पंचायत सचिव पर आरोप था कि उसने करीब 31.46 लाख रुपए का फर्जी बिल लगाया। यह बिल कम्प्यूटर और कंस्ट्रक्शन से जुड़े सामानों के थे। इसे लेकर शिकायत हुई। शिकायत के बाद जांच हुई। जांच के बाद पंचायत सचिव को नोटिस जारी किया गया। नोटिस के बाद संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर पहले निलंबन की कार्रवाई की गई। बाद में पंचायत सचिव को बर्खास्त कर दिया गया।

- **जांच प्रतिवेदन के आधार पर सीईओ ने की कार्रवाई**

जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पंचायत स्तर पर कामों में गड़बड़ी बरती गई थी। वित्तीय अनियमितता के इस मामले को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने शिकायत की थी। शिकायत के बाद जांच टीम गठित की गई। जांच के आधार पर पंचायत सचिव पर नियमतः कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक इस मामले को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई थी।

# बुलेट की टंकी पर बैठकर रोमांस वीडियो वायरल, युवक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बुलेट की पेट्रोल टंकी के ऊपर बैठकर रोमांस करना युवक को भारी पड़ गया। ट्रैफिक पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई कर चाला काटा है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-10 में युवक बुलेट सीजी 07-सीक्यू 7820 को चलाते हुए। युवती बाइक की टंकी पर बिठाकर रोमांस करता नजर आया। उक्त वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जिसे लेकर ट्रैफिक पुलिस ने बुलेट मालिक पर चालानी कार्रवाई किया है। युवक का नाम मनीष कुमार बताया गया है। मनीष बुलेट की टंकी में अपनी गर्लफ्रेंड को बिठाकर रोमांटिक अंदाज में वाहन चला रहा था। इस दौरान दोनों ने हेलमेट भी नहीं पहना था। युवक युवती ट्रैफिक नियमों का खुलकर उलंघन करते नजर आए। परवाह किए बिना सड़क पर घूम रहे थे। सड़क पर चलने वालों ने युवक का वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जिसे देख ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया।



वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने नाराजगी जताई है। सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा कि हरकत कपल और सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 129, 194(डी) के तहत कार्रवाई किया है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

### सुपेला और जामुल पुलिस ने की कार्रवाई, बजाया जा रहा था तेज आवाज में

# सार्वजनिक जगहों पर डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तेज आवाज डीजे बचाने वालों पर पुलिस ने कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। संजय नगर कृष्णा डेयरी के पास दही हांडी लूट कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान चेक करने पर आर्य नगर कोहका दुर्गा मंदिर के पास सुपेला निवासी डीजे संचालक टिकेश्वर कुमार साहू के व्दारा बिना अनुमति लिये डीजे को वाहन में बजा रहा था। इसी तरह जामुल पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड एवं दुर्गा मंदिर में मटकी फोड़ के दौरान शीतला मंदिर के पास छावनी निवासी राजकुमार वर्मा और कैम्प 2 नूर मोहम्मद व्दारा नियम के विरुद्ध तेज तेज आवाज में डीजे बजाते पाया गया। गौरतलब हो कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक डीजे पूरी तरह प्रतिबंध है। बिना अनुमति के डीजे नहीं बजाया जा सकता है। शहर में डीजे का कारोबार करने वाले बेखौफ तरीके से डीजे का उपयोग कर रहे है।



### हर बार शासन से पत्र व्यवहार, जांच के नाम पर खानापूर्ति

ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के अंतर्गत लाउड स्पीकर का उपयोग सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति जरूरी है। बावजूद इसके कहीं किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली जा रही। सार्वजनिक जगहों पर डीजे बजाए जा रहे हैं। नियमतः रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के मध्य लाउड स्पीकर ध्वनि विस्तारक यंत्र, ड्रम, टाम-टाम, ट्रमपीट, पीटने या ध्वनि उत्पन्न करने वाले किसी भी उपकरण के उपयोग के अनुमति नहीं है। सार्वजनिक स्थल पर लाउड स्पीकर का उपयोग 10 से 75 डेसी बल से कम ध्वनि किया जाना है। यह निजी क्षेत्र में 5 डेसी बल से अधिक नहीं होना चाहिए। बावजूद इस आदेश के कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है।

### सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी का फरमान अब तक रहा बेअसर

बता दें कि शहर में ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। जिला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के निर्देश पर यह आदेश जारी किया है। बावजूद इसके शहर में तेज आवाज के ध्वनि विस्तार यंत्र (डीजे) बेखौफ उपयोग में लाए जा रहे हैं। दोनों ही एजेंसियों ने ध्वनि प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए इस दिशा में कार्रवाई के लिए प्रशासन को कहा है। ध्वनि प्रदूषण नियमन एवं नियंत्रण नियम 2000 के अंतर्गत पारित नियम का पालन किया जाना है। इसके अंतर्गत ध्वनि विस्तारक उपकरणों के द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों का उल्लंघन होने पर कार्रवाई होनी है। वर्तमान में इसका पालन नहीं हो रहा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### अंडर 14 वर्ग के खिलाड़ियों का चयन 24 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड के कैलेंडर अनुसार दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 14 के लिए खिलाड़ियों का चयन 24 अगस्त को सुबह 8.30 से 12 बजे तक रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में किया जायेगा। चयनित खिलाड़ी क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई, सीएससीएस एवं डीडीसी के टूर्नामेंट चयन तथा सिलेक्शन मैच में शिरकत करेंगें। अंडर 14 वर्ग खिलाड़ियों का चयन उनके स्किल, बैटिंग, बोलिंग एवं विकेट कीपिंग तथा फील्डिंग एवं फिजिकल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। ट्रायल्स से संभावित खिलाड़ियों का चयन चयनकर्ताओं तथा क्रिकेट बोर्ड आब्जर्वर की देख रेख में किया जायेगा। अंतिम 20 सदस्यी जिला टीम का चयन सिलेक्शन मैच के आधार पर किया जायेगा। ट्रायल्स में भाग लेने के लिए अंडर 14 खिलाडियों का कट ऑफ़ डेट 01 सितंबर 2011 से 31अगस्त 2013 के ख़लिाड़ी भाग ले सकतें है।

### भाजयुमो अध्यक्ष योगराज किए गए सम्मानित



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के भाजपा जिला बेमेतरा पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा को प्रदेश नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ भाजयुमो अध्यक्ष नियुक्त कर संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। कार्यकर्ताओं का उत्साह और भविष्य की दिशा प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत कार्यकर्ताओं में हर्ष है। इस अवसर पर भिलाई से परमजीत सिंह (टोनी) जतिन वर्मा, आशीष यादव, शरद सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संकल्प लिया कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन और राहुल योगराज टिकरिहा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ भाजयुमो नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन, लोक निर्माण विभाग की सड़कों के लिए भू-अर्जन प्रकरणों, राजस्व विभाग के ई-कोर्ट न्यायालयों में प्रकरणों का त्वरित निराकरण, एग्रीस्टेक के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन एवं किसान आईडी निर्माण तथा खरीफ फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक पूर्ण करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

## सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी संभागायुक्त एवं कलेक्टर की ली समीक्षा बैठक

### लंबित प्रकरणों का करें निराकरण

राजस्व विभाग के अंतर्गत संचालित ई-कोर्ट प्रणाली पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के कलेक्टरों से कहा कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण किया जाए। इससे न केवल आम नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति भी आएगी। साथ ही उन्होंने संभागीय आयुक्त न्यायालयों में न्यायालयीन प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने कहा। इस दौरान कृषि विभाग की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ एग्रीस्टेक प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।



### फसल सर्वेक्षण हो पारदर्शी

मुख्यमंत्री ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण अभियान पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि यह सर्वेक्षण 15 अगस्त से आरंभ कर 30 सितम्बर तक पूर्ण किया जाए। सर्वेक्षण का कार्य सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध होना चाहिए, जिससे भविष्य में किसानों को फसल बीमा, मुआवजा और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों से कहा कि विकास कार्य और जनसेवा से जुड़े कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। एनआईसी कक्ष में संभाग आयुक्त एसएन राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के आयोजन के संबंध में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक जिले में रजत महोत्सव को गरिमामय और जनसहभागिता के साथ आयोजित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार करते हुए प्रत्येक विभाग द्वारा एक-एक सप्ताह स्थानीय त्यौहार एवं विशेष अवसरों पर कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो रजत जयंती समारोह का ही एक महत्वपूर्ण भाग होगा।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल : दूसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे एनएचएम कर्मी

# दावा : नवजात शिशु वार्ड, पोषण पूरक केंद्र और डीईआईसी बंद, सीएस : प्रभावित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एनएचएम कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। एनएचएम संगठन ने दावा किया कि हड़ताल की वजह से दूसरे दिन जिला अस्पताल का नवजात शिशु वार्ड बंद सहित पोषण पूरक केंद्र,डी.ई.आई.सी बंद पड़े हैं। शुगर, ब्लड टेस्ट, ट्रूनाट,सीबीनाट से बलगम टेस्ट और नेत्र जाँच बाधित रही है। इधर सिविल सर्जन का कहना है कि एनएचएम के कोई भी डॉक्टर हड़ताल पर नहीं गए हैं। जिसकी वजह से ये सेवाएं प्रभावित नहीं हुई है।

### शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में भी राष्ट्रीय कार्यक्रम पर पड़ने लगा है असर






**भारी बारिश में भी डटे रहे कर्मी**

मंगलवार की दोपहर झमाझम बारिश हुई। हड़ताली कर्मी छाता ओढ़कर पंडाल में बैठे रहे और अपनी मांगें पूरी करने नारेबाजी करते रहे। दुर्ग जिले के 750 कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। उनकी नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि सहित दस सूत्रीय मांगे हैं। को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में टीकारण, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण ठप

जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी एनएचएम कर्मी ज्यादातर पदस्थ हैं। हर मंगलवार को इन केंद्रों में टीकाकरण सत्र चलता है। गर्भवती महिलाओं की जांच भी होती है। इसके अलावा एनएचएम कर्मी स्कूल व आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं। ये सभी कार्य ठप सा हो गया है।

### संस्थागत प्रसव व राष्ट्रीय कार्यक्रम पर असर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ है। केंद्रों में जब महिलाएं डिलीवरी के लिए पहुंच रही है तो उन्हे दिक्कतें आ रही है। हड़ताल को देखते हुए ऐसी महिलाओं को हायर सेंटर जाना पड़ रहा है। टीबी, मलेरिया, कुष्ठ सहित मौसमी सर्दी खासी बुखार,टाइफाइड जैसी बीमारियों के मरीजों को दवाइयाँ नहीं मिल रही। स्वास्थ्य विभाग का विभिन्न ऑनलाइन एंट्री नहीं हो पा रही है।

### मांगे पूरी होने तक डटे रहें

दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने हड़ताली कर्मियों से कहा कि संगठन ने 170 से अधिक बार पिछले डेढ़ साल में ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर जायज मांगें रखीं, लेकिन लगातार अनदेखी की गई। यहां तक कि 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए।

### सेवाएं प्रभावित नहीं

जिला अस्पताल से 107 एनएचएम कर्मी हड़ताल पर गए हैं। कोई भी डॉक्टर हड़ताल पर नहीं है। नियमित कर्मचारी दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसलिए कोई भी चिकित्सा सेवा प्रभावित नहीं है।
**-डॉ. एके मिंज**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

# सड़क सुरक्षा पर वाद-विवाद स्पर्धा, विजेता सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आत्मानंद स्कूल दीपक नगर में सड़क सुरक्षा पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें श्रेष्ठ प्रतिभागी को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अनूप गटागट, पार्षद मनोज सोनी, प्राचार्य शेफाली सोनी प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर प्राथमिक शाला मालवीय नगर, प्राथमिक शाला गुरु नानक नगर, पूर्व प्राथमिक शाला मालवीय नगर के बच्चों ने देश भक्ति का संदेश देते हुए अनेक कार्यक्रम जैसे नृत्य, भाषण, गीत आदि प्रस्तुत किया। कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शाला की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में 12वीं अंग्रेजी माध्यम प्रेरणा यादव, भूमिका यादव, पूर्णिमा पात्रो 12वीं हिन्दी माध्यम लव यादव, केसरी देवांगन, शिवानी वर्मा को सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम से दिव्यांशी यादव, कुमकुम सिन्हा, सिद्धार्थ ताम्रकार तथा हिन्दी माध्यम से देवा ठाकरे, वैभव, सोनल साहू, आठवीं कक्षा से खुशी सोनी, पांचवीं कक्षा से गौरव को भी प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विजय जलकारे, विनोद राव, राजेश शुक्ल, संदीप, ओमप्रकाश, चन्द्रशेखर शास्त्री, राजेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

■ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

### युक्तियुक्तकरण समिति की बैठक 25 को

**दुर्ग।** संभाग स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति की बैठक की तारीख में बदलाव किया गया है। जिसके अनुसार पूर्व में बैठक की तिथि 20 अगस्त निर्धारित की गई थी, जिसे अब बदलकर 25 अगस्त कर दिया गया है। उक्त बैठक संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे और शाम 4 बजे होगी। संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

# सूकर पालन से बढ़ सकती है किसानों की आमदनी, फायदे जानना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 20 अगस्त को कार्यशाला का समापन होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ.संजय शाक्य ने किया। प्रशिक्षण में जशपुर से लोगों को भेजा गया है। कार्यशाला में सूकर पालन की संभावनाएं, छत्तीसगढ़ की जलवायु के लिए उपयुक्त नस्ल, उनका आवास एवं सामान्य प्रबंधन, भोजन का प्रबंधन, गर्भवती सूकर की देखभाल, प्रसव प्रबंधन एवं मेमनों का प्रबंधन, स्वच्छ मांस उत्पादन तकनीक, सूकर पालन हेतु बैंक लोन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन का



विशेष स्थान है। वैज्ञानिक पद्धति द्वारा सूकर पालन कर छोटे एवं भूमिहीन किसान भी अधिक से अधिक आर्थिक लाभ अर्जित कर सकते है। साथ ही ग्रामीण उद्यमी बनकर शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को ग्राम-स्तर पर रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति सिंह एवं डॉ.वंदना भगत ने किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, डॉ. संजय शाक्य, डॉ. जीके दत्ता, डॉ.धीरेन्द्र भोंसले, डॉ.दिलीप चौधरी, डॉ.रामचन्द्र रामटेके, डॉ.जागृति कृष्णन, डॉ. रजनी फ्लोरा कूजूर, डॉ.भुवनेश्वर पॉल सिंह कंवर सहित अन्य मौजूद थे।

# सहकारी समिति माटरा में अध्यक्ष के मनोनयन को चुनौती, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

माटरा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनयन को लेकर ग्रामीणों ने चुनौती दी है। उन्होंने इसे लेकर पंजीयन कार्यालय सहकारी संस्थाएं और कलेक्टर से शिकायत की है। उन्होंने लिखित शिकायत में कहा है कि जिला सहकारी समिति मर्या. माटरा में अध्यक्ष पद पर खुमान साहू ग्राम गोता का मनोनयन किया गया है। जबकि वे उनके नाम पर अनाज व्यापार लाइसेंस दर्ज है।

कोचिए के रूप में वे खुद धान की खरीदी करती हैं। ग्रामीणों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच कर अध्यक्ष को हटाए जाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में संजू राजपूत, राजेश पटेल, लवकुश, संतोष साहू, रमेश साहू, गोवर्धन साहू, नरेश साहू, वंदना नेताम सहित अन्य शामिल हैं। समिति के सदस्यों ने कहा कि व्यापारी और कोचिया को अध्यक्ष जैसे जिम्मेदार पद पर नहीं बैठाना चाहिए, बाकी किसी भी किसान या पढ़े-लिखे व्यक्ति को इस पद पर जिम्मेदारी सौंप दी जाए। उन्होंने इस मामले लेकर उच्च अधिकारियों से भी शिकायत करने की बात कही है।

■ निष्पक्ष जांच कर अध्यक्ष को हटाने की मांग

# कामधेनु में स्थापना एवं वित्त विभाग को पेपरलेस करने एनआईसी का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दाऊ श्रीवासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजूरॉय के निर्देशन में आईसीटी सेल द्वारा विश्वविद्यालय की सभी इकाईयों के स्थापना एवं वित्त विभाग को पेपरलेस करने के लिए एनआईसी द्वारा तैयार वेबमॉड्यूल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न इकाईयों, पॉलीटेक्निक आदि में कार्यरत स्थापना एवं वित्त विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कम्प्यूटर एक्सपर्ट, विवि जनसंपर्क अधिकारी के साथ 42 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

■ विभिन्न इकाइयों के 42 अधिकारी-कर्मचारी शामिल

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजूरॉय ने कहा कि स्थापना एवं फाईनेंस मॉड्यूल की मदद से कर्मचारी प्रबंधन और वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता, बिल भुगतान आदि की प्रक्रिया में तेजी तथा प्रशासनिक कार्यों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने से समय की बचत, दैनिक कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक नीतियॉं, वित्तीय लेन-देन का रिकॉर्ड, विभिन्न स्त्रोतो से धन प्राप्त कर उनका प्रबंधन आदि कार्यों को पेपरलेस माध्यम से सुचारू रूप से संपादित किया जा सकता है। कम्प्यूटर प्रोग्रामर अब्दुल मन्नान एवं एनआईसी में कार्यरत प्रवीण कौशिक द्वारा पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।

# सुराना महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह में हुई पोस्टर और क्वीज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया। इस दौरान कॉलेज के एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम पोस्टर प्रदर्शनी तथा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना रहा।

इस सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने पोस्टर्स के माध्यम से रैगिंगमुक्त कैंपस का सशक्त संदेश दिया। प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा ने कहा कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है। हमारे संस्थान में इस पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ आयशा अहमद, सदस्य राकेश दिवाकर, युगेश देशमुख, भागवत देवांगन एवं प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### शिक्षाविद् बलदाऊ बने केन्द्रीय राजभाषा विभाग के सदस्य

**दुर्ग।** वरिष्ठ साहित्यकार बलदाऊ राम साहू मत्स्यपालन,



पशुपालन और डेयरी मंत्रालय नईदिल्ली की संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति के लिए राजभाषा विभाग द्वारा सदस्य नामित किए गए हैं। यह सूचना उन्हें गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली ने दी है। ज्ञात हो कि बलदाऊ राम साहू एक शिक्षाविद व बाल साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं। वे सचिव, छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, रायपुर के पद से फरवरी 2020 में सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके 30 से अधिक रचना संग्रह प्रकाशित हैं जिसमें 20 से अधिक बाल-साहित्य है।

## संभाग आयुक्त ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# संभागस्तरीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रक्रिया होगी जल्द शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागवार समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की।

■ कर्मचारियों को किया जाएगा प्रशिक्षित

संभाग आयुक्त श्री राठौर ने कहा कि शासन की गुड-गवर्नेंस नीति के तहत दुर्ग संभाग के अंतर्गत सभी संभागस्तरीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने संभाग प्रमुख अधिकारियों को ई-ऑफिस की प्रक्रिया के तहत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षित करने कहा। संभाग आयुक्त ने उपायुक्त को अधिकारियों और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए शीघ्र संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित करने को कहा। संभाग आयुक्त ने स्वच्छ छत्तीसगढ़ मिशन की समीक्षा करते हुए नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के अधिकारी को शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में सॉलिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में मौका निरीक्षण करने उपायुक्त को निर्देशित किया। इस अवसर पर उपायुक्त (राजस्व) पदुमलाल यादव, उपायुक्त (विकास) संतोष ठाकुर सहित समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।




### संयुक्त आयोजन कर नशा के विरुद्ध लाएं जागरुकता

मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान पुलिस, उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग को रैली आदि का संयुक्त आयोजन कर विद्यार्थियों के माध्यम से जन-जागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रैली में विद्यार्थियों की भागीदारी से वे स्वयं नशे के दुष्परिणाम से अवगत होंगे।

### समिति को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश

संभाग आयुक्त ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में सर्तकता पूर्वक कार्यवाही करने कहा। संभाग आयुक्त ने संभाग के सभी पंचायतों में सहकारी समिति गठन की समीक्षा के दौरान मछुआ एवं दुग्ध समिति को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अब तक 1106 ग्राम पंचायत को समिति गठन के संबंध में कवर कर लिया गया है। बैठक में संभाग आयुक्त कार्यालय के प्राप्त पत्रों के निराकरण हेतु विभिन्न कार्यालयों को प्रेषित पत्रों पर कार्यवाही की समीक्षा भी की गई।



## खबर संक्षेप

### प्रदेश मंत्री बने जितेन्द्र का आज पाटन में होगा स्वागत



**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने पहली बार पाटन विधानसभा को प्रदेश मुख्य टीम में स्थान देकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस टीम में पाटन के युवा, कर्मठ और जुझारू नेता जितेन्द्र वर्मा को प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश राजनीति में बढ़ते हुए कदमों के साथ वर्मा ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा, कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने की पहचान बनाई है। यही कारण है कि पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रदेश स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश मंत्री बनने के बाद वर्मा का 20 अगस्त को प्रथम पाटन आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर आत्मानंद चौक, पुराना बाजार चौक और भरर चौक में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। पाटन विधानसभा की जनता भी इस ऐतिहासिक क्षण को लेकर खुश है और बड़ी संख्या में स्वागत समारोह में शामिल होने की तैयारी कर रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, निशा सोनी, केशव बंछोर, सागर सोनी, मिलन देवांगन, विजय कांत बंछोर, योगेश सोनी, अमित आदि ने बधाई दी है।

### गुरु बालक दास की जयंती पर प्रसाद वितरण



**सेलूद।** सतनामी समाज पाटन तहसील द्वारा गुरु बालक दास की जयंती के अवसर पर गुरु दर्शन और सतनाम संदेश यात्रा निकाली गई। भिलाई से निकली इस यात्रा का पाटन तक जगह-जगह स्वागत किया गया। ग्राम छाटा में कांग्रेस नेता अभिषेक गायकवाड के नेतृत्व में सतनाम संदेश यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान खीर का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर अभिषेक गायकवाड, जनपद सदस्य आनंद बघेल, सरपंच कमलेश चेलक, राजेंद्र देशलहरे, राजू वर्मा, केशरी चेलक, ऋतिक चेलक सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### आर ओमना अम्मा



**भिलाई।** आर ओमना अम्मा आयु 78 वर्ष का निधन 18 अगस्त को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 20 अगस्त को सुबह 11 बजे एमआईजी 1 946 हुडको भिलाई से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. पीआरएस पाणिकर की पत्नी एवं एस श्रीकुमार, एस संतोष कुमार पाणिकर, एस मधु कुमार की मां थीं।

प्रोसेस क्र. 448/25 एम.जे.सी.सिविल प्र.क्र. 96/2024
पेशी तारीख 26/08/2025
**आम ईश्तहार/नोटिस**
**न्यायालय श्रीमान सुनील कुमार नन्दे, तृतीय जिला न्यायाधीश कोरबा (छ.ग.)**
प्रकाश साहू वगैरह.......अपीलार्थी
बनाम
मूरित राम साहू वगैरह............ उत्तरवादीगण
उपरोक्त अपीलार्थी प्रकाश साहू वगैरह के द्वारा अपील आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 43 नियम 1 (ग) व्यवहार प्रकिया संहिता न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक के अतिरिक्त न्यायाधीश कोरबा द्वारा विविध व्यवहार वाद कमांक 23/2014 नाम प्रकरण प्रकाश साहू, वगैरह बनाम मूरित राम साहू में पारित आदेश दिनांक 06.04.2014 के संबध में इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक 26.08.2025 नियत है। अतः उत्तरवादीगण क्रमशः 13अ-श्रीमती दीप्ती साहू उर्फ मोनू साहू उम्र 39 वर्ष पति पूरन लाल साहू निवासी ग्राम दर्राभांठा, पो. ठठारी तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. 13ब डीकेश्वरी साहू उम्र 37 वर्ष पति अशोक साहू निवासी आदर्श नगर दुर्गा चौक के पास मोवा सड्डू जिला रायपुर छ.ग. 13स-आकांक्षा साहू पति रामकुमार साहू उम्र 34 वर्ष निवासी-ऐश्वर्या गैस एजेंसी के पीछे वसुंधरा नगर भिलाई-तीन जिला दुर्ग छ.ग. 13द श्रीमती कल्याणी साहू पति कृष्ण कुमार साहू उम्र 30 वर्ष निवासी प्लॉट नंबर टी-332 कैलाश नगर ग्रेस चर्च के सामने आई.टी. भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. 490026 13ई खिलेश्वरी साहू पुत्री स्व. धीरबाई साहू पिता बहादुर लाल साहू उम्र 27 वर्ष निवासी-ऐश्वर्या गैसा एजेंसी के पीछे वसुंधरा नगर भिलाई-तीन जिला दुर्ग छ.ग उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 26.08.2025 को दिन 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 04.08.2025 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**(सुनील कुमार नन्दे)**
**तृतीय जिला न्यायाधीश कोरबा (छ.ग.)**

### संस्कृत भाषा जन-जागरण के लिए हुआ संस्कृत सप्ताह का आयोजन

# नई शिक्षा नीति ज्ञान-विज्ञान और परंपरा की आत्मा है संस्कृत भाषा : डॉ.महेश चन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरण के लिए आयोजित संस्कृत सप्ताह का समापन समारोह बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सेजस अंजोरा ख दुर्ग शिक्षा विभाग के तत्वावधान में किया गया। संस्कृत प्रदर्शनी का उद्घाटन शाला विकास समिति के अध्यक्ष तीरथ यादव ने किया। जनपद सदस्य संगीता साहू ने संस्कृत महोत्सव पर हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य होरी लाल चतुर्वेदी ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ.महेश चन्द्र शर्मा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच संतोष सारथी रहे। खपरी दुर्ग पूर्व

**विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन**



माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठक ने कहा कि संस्कृत भाषा देव वाणी है इसलिए संस्कृत भाषा को जानने वाला व्यक्ति देवतुल्य हो जाता है।

समारोह में संस्कृत भाषा की महत्ता, संरक्षण एवं संवर्धन पर विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने संस्कृत गीत, श्लोक-पाठ, नाटिका एवं भाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वहीं मुख्य अतिथि डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जिसे हमें जीवन में अपनाना चाहिए। छत्तीसगढ़ का अधिकतर शब्दों का संबंध संस्कृत भाषा से है।

इस अवसर पर व्याख्याता, शशिकला चन्द्राकर, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, मनोज कुमार गुप्ता, उमा राठौड़, भिनेश्वरी साहू, के.कविता, शारदा साहू, सुभाषिनी एलन, अभिलाषा साहू, मीना रावटे, आकाश दुबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत व्याख्याता सरस्वती श्रीवास्तव ने किया।

## अंचल की खबरें

### सामुदायिक पहल से मिला वाद्य यंत्र



**पाटन।** ग्राम और विद्यालय जब एक दूसरे के सहयोगी बन जाते हैं, तब शिक्षा की धारा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि संस्कृति, कला और मूल्यबोध से समृद्ध होकर भविष्य की राहें प्रशस्त करती है। इसी कड़ी में विकासखंड पाटन अंतर्गत संकुल केंद्र-बठेना के शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी को वाद्य यंत्र (बैंड सेट) प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार की नवपहल और ग्राम चंगोरी के समस्त ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। विद्यालय को यह बैंड सेट मिलने से न केवल बच्चों की सांस्कृतिक प्रतिभा को अभिव्यक्ति का मंच मिलेगा, बल्कि राष्ट्रीय पर्व, विद्यालयीन आयोजन और सामाजिक उत्सव अब संगीत की मधुर लहरियों से गुंजायमान होंगे।

प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार ने इस अवसर पर कहा कि संगीत हृदय का स्पंदन है। यह वाद्य यंत्र केवल एक साधन नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास का पथ प्रदर्शक होगा। ग्रामवासियों का यह योगदान शिक्षा और संस्कृति के संगम का उदाहरण प्रस्तुत करता है। सरपंच एवं ग्रामवासियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि बच्चों का उत्साह और विद्यालय का गौरव ही ग्राम की असली संपत्ति है। ऐसे प्रयासों से आने वाली पीढ़ी न केवल पढ़-लिखकर प्रगति करेगी, बल्कि कला-संवेदनशील और संस्कारित नागरिक भी बनेगी। इस पुनित कार्य मे प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार, योगेश्वरी वर्मा सहायक शिक्षक, सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे, उपसरपंच माधुरी मंडावी, समस्त पंचगण,शाला प्रबंधन समिति चेतन वर्मा,सदस्य गण, एवं समस्त ग्रामवासी चंगोरी की सहभागिता रही है।

## तीज मिलन समारोह में नृत्य, चित्रकला प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दुर्ग जिला अंतर्गत तहसील साहू संघ पाटन के तत्वावधान में तीज मिलन समारोह तहसील भवन पाटन में आयोजित किया गया। तीज मिलन कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा की आरती एवं पूजा से हुई। तत्पश्चात से महिलाओं के द्वारा खेलकूद का शुभारंभ हुआ जिसमें कुर्सी दौड़, कर्मा माता की रंगोली से चित्रकला प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य, गीत-संगीत, नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ साथ ही तीज क्वीन भी महिलाएं बनी। कार्यक्रम में अतिथि देवश्री साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग, दिव्या कलिहारी उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, दामिनी साहू जनपद सदस्य पाटन, मालती साहू पार्षद नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, अनीता साहू पार्षद नगर पंचायत पाटन मौजूद थीं। महिलाओं को दिशा निर्देश एवं समाज में जागरुकता लाने के लिए प्रमुख वक्ता श्रद्धा साहू जिला पंचायत सदस्य दुर्ग एवं संचालित नई पहल बर्तन बैंक, हेमलता साहू, डॉ. सुमन साहू संयोजिका चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग उपस्थित रही।

■ **तीज मिलन समारोह में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन**

चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित मिलन समारोह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉ. सुरेश साहू के नेतृत्व में किया गया जिसका लाभ कार्यक्रम में आए समाज की महिला पुरुषों ने लिया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, कार्यकारिणी लालेश्वर साहू, डॉक्टर गुलाब साहू, खेमलाल साहू , कमलेश्वरी साहू , गंगादिन साहू, देवनारायण साहू, विमला साहू, गायत्री साहू, भूमिका, धनराज साहू, किशोर साहू, मोहन साहू आदि उपस्थित थे।

## स्तनपान सप्ताह का किया आयोजन, निकाली जागरुकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत बीरेझर अंजोरा ख में विश्व स्तनपान सप्ताह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिताएं की गई। यह कार्यक्रम ग्राम बिरेझर सेक्टर अंजोरा परियोजना एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग ग्रामीण के परियोजना अधिकारी उषा झा के मार्गदर्शन में पर्यवेक्षक गीतांजली भैंसारें सेक्टर अंजोरा द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत बीरेझर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बीरेझर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जागरुकता रैली निकाली गई। वहीं 6 माह पूर्ण जयनिश देशमुख का अन्नप्राशन किया गया एवं शारदा निषाद को स्वस्थ शिशु के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य किशोरी लाल देशमुख उपस्थित थे। शिक्षिका चित्रा इंगले, श्रीन यदु और स्वास्थ्य विभाग से

■ **विभाग द्वारा स्तनपान का बताया गया महत्व**

एएनएम शिव कुमारी ठाकुर उपस्थित थीं। एएनएम द्वारा स्तनपान का महत्व समझाते हुए बताया गया कि स्तनपान करवाना मां और शिशु दोनों के लिए कितना फायदेमंद है एवं मां का पहला दूध और एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान कराना क्यों जरूरी है इस विषय पर प्रकाश डाला गया। पर्यवेक्षक गीताजंली भैंसारे द्वारा मां को अपने और शिशु के ध्यान रखने के लिए विभाग द्वारा प्रदाय की जा रही योजनाओं एवं सेवाओं पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

### पूर्व पीएम अटल बिहारी की पुण्यतिथि मनाई



**कुम्हारी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि वार्ड 8 सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए रामाधार शर्मा, राकेश पाण्डेय एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद ने अटल के जीवन से लेकर मृत्यु तक विस्तार से वर्णन किया। वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार सोनी ने अटल के देश के प्रति निष्ठा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, सुनीता कुर्रे, योगेश साहू, पार्षद डिकेश पटेल, पार्षद उमाकांत साहू, पार्षद महामंत्री नारायण सोनकर, ओमकार मारकंडे, उमेश साहू, रामप्रताप आदि उपस्थित थे।

### न्यौता भोजन पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुरू किए गए न्यौता भोजन के तहत शासकीय प्राथमिक शाला कौही के बच्चों के लिए सुखद अनुभूति वाला दिन था। जहां भिलाई के प्रोफेसर लक्ष्मी कोसले एवं टीआई केशव कोसले ने अपने पुत्र सूराज कोसले के जन्म दिवस पर न्यौता भोजन एवं कापी-पेन बांटे। जिसके अंतर्गत विद्यालय के लगभग 100 बच्चों को पूर्ण न्यौता भोजन में चावल दाल के अलावा मटर पनीर की सब्जी व गुलाब जामुन तथा कापी-पेन मिलने से स्कूल के बच्चों के चेहरे खिल उठे। बच्चों के बीच अपने बेटा का जन्म दिवस मना रही प्रोफेसर लक्ष्मी कोसले ने इसे अपने जीवन का सबसे अच्छा अनुभव करार दिया।

### गौठान शब्द संस्कृति में स्थापित गौरवशाली पारंपरिक नाम थाः केशव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने कहा कि भाजपा सरकार गौठान के बदले गौधाम खोलने जा रही है। सिर्फ नाम बदलकर नई बोतल में पुरानी शराब भरने में भाजपा सरकार ने दो साल लगा दिया। गौठान शब्द हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति में स्थापित गांव की गौरवशाली पारंपरिक नाम था। छत्तीसगढ़ में गौधाम शब्द का कहीं भी



प्रयोग नही होता। कहा कि ये लोग छत्तीसगढ़ की संस्कृति के विरोधी है। इन्हें छत्तीसगढ़ की संस्कृति से सरोकार नही है। हरमुख ने कहा कि गौठान नाम से भाजपा सरकार को इतनी नफरत है तो 2 साल का समय नाम बदलने में क्यों लगा दिये, जो व्यवस्था कांग्रेस शासन काल में सुचारू रूप से संचालित हो रहा था। उसे लगातार जारी न रखकर वर्तमान की भाजपा सरकार ने उसे लावारिस हालत में छोड़ दिया। कांग्रेस शासन के 5 साल में सरकारी कोष से करोड़ों रूपया खर्च कर अनेको गौठान गांव-गांव में बनाया गया जो आत्म निर्भर हो गया था। शासन की कहीं सहयोग की जरूरत नही रह गया था। यहां पर वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन के अतिरिक्त महिला समूहों बाड़ी योजना के अंतर्गत सब्जी उगाकर बेचते थे एवं मछली-मुर्गी पालन करते थे जिसके कारण गौठान आर्थिक रूप से सक्षम बन गया था।

### ड्रेस और टाई-बेल्ट मिलने से खुश हुए स्कूली बच्चे

**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला मटंग के बच्चों को स्कुल ड्रेस व टाई-बेल्ट दिया गया। इससे बच्चे बेहद खुश नजर आए। स्वतंत्रता दिवस के दिन बच्चे प्रभात फेरी व कार्यक्रम में अब आकर्षण लुक में नजर आयेंगे ।शिक्षक बलराम वर्मा ने बताया कि आर्थिक रुप से कमजोर बच्चे जिनको पालक की ओर से पढ़ाई के क्षेत्र में सुविधाएं नहीं मिल पा रही है जो निजी स्कूल के बच्चों के ड्रेस को देखकर मन में अपने उस ड्रेस को पहनकर स्कूल जाने के बारे में सोचते है।

आर्थिक कमजोरी उनके सपने पूरे नहीं कर पाते है ऐसे बच्चों को प्रतिवर्ष वे अपने जन्मदिन पर निशुल्क टाई व बेल्ट प्रदान कर उनके सपना पूरा करने का यह छोटा सा प्रयास करते हैं। सरपंच अमित हिरवानी ने कहा कि सरकार पुस्तक ड्रेस व मुफ्त शिक्षा प्रदान कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों ऐसी थोड़ी सुविधा भी मिल जाने से बच्चों के अध्ययन अध्यापन में जोड़ने से बच्चों का भविष्य बेहत्तर होगा। इस अवसर पर सरपंच अमित हिरवानी, शिक्षक महेन्द्र कुमार मिथलेश, बलराम वर्मा, समिति अध्यक्ष हितेश कुमार वर्मा, विधायक प्रतिनिधि डुलेश्वर वर्मा, सदस्य कामेश्वरी साहु, संतोषी सेन, दुर्गा निर्मल, संतोषी वर्मा और सरस्वती वर्मा उपस्थित थे ।

**बिजनेस साइट**

### भारती विश्वविद्यालय में योग संगम का आयोजन



**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा 'योग संगम 2025' के अंतर्गत योगा प्रोटोकॉल सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य, समरसता और आंतरिक शांति के मार्ग को अपनाना तथा योग के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री का संबोधन सुनाया गया। इसके बाद योगा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। विद्यार्थियों, रासेयो स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। सभी प्रतिभागी योगा की निर्धारित पोशाक में उपस्थित हुए, जिससे कार्यक्रम अत्यंत अनुशासित एवं सौंदर्यपूर्ण रहा। इस अवसर पर योगा प्रशिक्षकों द्वारा वर्क प्लेस योग सेवा, समूह कक्षा / कार्यशाला, योगा हॉल , फैमिली योगा, योग चैलेंज, प्रोटोकॉल अभ्यास सत्र तथा विभिन्न आसनों और प्राणायामों का अभ्यास कराया। आयोजन के अंत में प्रतिभागियों ने योग को दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में भारती आयुर्वेद के प्राचार्य डॉ मानस रंजन होता, डॉ विद्यावती चंद्राकर, योगेश देशमुख, जयंत बारीक एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे। आयोजन समिति के संयोजक डॉ. संदीप माणिकपुरी, डॉ. रमेश्वर थावैत, और डॉ. महिमा श्रीवास्तव थे, जिन्होंने कार्यक्रम संचालन में अहम भूमिका निभाई। यह आयोजन विश्वविद्यालय के समग्र विकास दृष्टिकोण का परिचायक है, जहाँ शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी विशेष प्राथमिकता दी जाती है।

### भाजयुमो ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत



**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, भिलाई द्वारा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में भिलाई भाजपा कार्यालय लोकार्पण अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का स्वागत ग़जमाला पहनाकर किया गया। भारतीय जनता पार्टी, जिला भिलाई के नवनिर्मित कार्यालय का विधिवत लोकार्पण जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन की अध्यक्षता में वास्तुपूजन और अन्य पूजापाठ से संपन्न हुआ। विगत कई दिनों से तैयारी थी इसी कड़ी में जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के निर्देश पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने युवा मोर्चा जिला की बैठक कर कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम का कार्यभार सुनिश्चित किया। कार्यालय लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक रिकेश सेन, डोमनलाल कोर्सेवाडा आदि उपस्थित थे। यह जानकारी भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा ने दी।

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
**प्रोसेस क्रमांक-132/2025**
**पेशी दिनांक - 10/09/2025**
वाद क्रमांक----41 सन 2025
न्यायालय श्रीमती अकांक्षा राठौर चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक - श्रीमती अमृता वगैरह.
अनावेदक- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा नंदिनी टाऊनशिप,
आम जनता,जिला-दुर्ग (छ.ग.)
क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरूद्ध धारा 372-भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1956 वास्ते उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 10 माह 09 सन 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर / अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा । आज दिनांक 13/08/2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
**श्रीमती अकांक्षा राठौर चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, दुर्ग (छ.ग.)**

### शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित

# पर्यावरण को संरक्षित करने छात्र-छात्राएं दें अपना योगदान : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंडा स्थित शैलदेवी महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ प्रभु श्रीकृष्ण जी की आरती एवं पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विधायक ललित चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे एक पेड़ माँ के नाम के संकल्प के

■ **कार्यक्रम में सम्मिलित हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर**



साथ वृक्षारोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की भक्ति एवं उत्साह ने पूरे वातावरण को दिव्य और मंगलमय बना दिया। आगे श्री चंद्राकर ने कहा महाविद्यालय द्वारा इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन न केवल छात्रों के लिए, बल्कि संपूर्ण समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है और वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य अजीत चंद्राकर, जनपद सदस्य बेला यादव, महामंत्री डिलेश्वर साहू, सोसायटी अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष अजय चौहान वरिष्ठ कार्यकर्ता तिलक चंद्राकर, जीतू सिन्हा, राकेश चंद्राकर, महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे, संयुक्त संचालक डॉ. रजनी राय, प्राचार्य डॉ. के. एन. मिश्रा, उप प्राचार्य डॉ. रश्मि पांडे जी सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बारिश से नहीं होगा कीचड़

**भिलाई।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व में विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। यहां पार्षद निधि से सीमेंटीकरण कार्य होना प्रस्तावित है। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि संयत्र ने तीन दशक पहले आवास निर्माण कराया है। वर्तमान में आवास जर्जर हो चुका है और बारिश के मामूली पानी से घर के सामने कीचड़ हो जाता है। सीमेंटीकरण कार्य से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद संजू नेताम, एमआईसी जहीर अब्बास, अनील देशमुख, जमुना ठाकुर समेत नागरिक उपस्थित थे।

### संपति कर का अधिभार माफ करने की रखी मांग

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में



विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उपमुख्यमंत्री तथा नगरी निकाय मंत्री अरुण साव के समक्ष वार्ड 30 की पार्षद सत्या देवी जयसवाल ने मांग रखी कि नगर निगम के संपत्ति कर में लगने वाले अधिभार को समाप्त की जाए। उन्होंने कहा कि नगर की जनता टैक्स तो पटाना चाहती है किंतु अगर किसी कारणवश अगर देर हो जाती है तो उसका अधिभार प्रतिवर्ष 1000 लिया जाता है अगर किसी व्यक्ति के मकान का टैक्स 400 है और वह समय पर किसी कारणवश टैक्स नहीं जमा कर पाता तो उसका फाइन 1000 लगता है जो कि न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को टैक्स देने वाली जनता अधिकांश श्रमिक बस्ती के लोग हैं जो कि रोज की रोजी मजदूरी कर अपना परिवार पालते हैं उनके ऊपर यह अतिरिक्त बोझ पड़ता है। उन्होंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मांग की है कि जल्द से जल्द इस संपत्ति कर के अधिभार को समाप्त कर जनता को राहत प्रदान की जाए। साथ ही नगर निगम भिलाई में 260 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को भूमिपूजन के लिए आभार जताया।

### महापौर ने दिया बच्चों को पौष्टिक आहार देने का निर्देश



**भिलाई।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की। महापौर ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार और गर्म भोजन नियमित दिया जा रहा है कि नहीं इस बात की पुष्टि निगम के विभागीय अधिकारी अनिवार्य रूप से करे। इस अवसर पर महापौर परिषद की विभागीय सदस्य रंजिता बेनुआ और स्वास्थ्य विभाग प्रभारी संजू नेताम उपस्थित रहे। महापौर और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आजीविका मिशन प्रभारी रंजिता बेनुआ ने विभाग की समीक्षा की। महापौर ने सबसे पहले महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ कर्मचारियों और किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर आंगनबाड़ी की स्थिति और बच्चों की संख्यात्मक जानकारी केन्द्रवार एकत्रित किया जाए। इसके अलावा महापौर ने शासन द्वारा चलाए जा रहे कल्याण कारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की। महापौर ने महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी अधिकारी शैलेष साव को निर्देश दिए।

### केंद्र सरकार की अमृत मित्र- 2.0 योजना शुरू

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 अंतर्गत वूमन फार ट्री योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के तहत स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहो के माध्यम से उद्यानों एवं रिक्त स्थलों में वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। ननिभि में कुल 40 उद्यानों के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया था। जिसमें से 36 उद्यानों के लिए महिला स्व-सहायता समूहो से आफर प्राप्त हुआ था।

# बहुमंजिला नगर सेवाएं भवन में कर्मियों का छूटता है पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के तीनमंजिला भवन में ऊपरी मालों में जाने के लिए लोगों का पसीना छूट रहा है। लिफ्ट नहीं होने के कारण कर्मचारियों और काम के लिए आने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही है। चालीस साल से लिफ्ट लगाने की योजना ठंडे बस्ते में पड़ी है। नगर सेवाएं विभाग (एस्टेट आफिस) कार्यालय का भवन जयंती स्टेडियम मैदान के सामने स्थित है। इस तीमंजिला भवन में टाउनशिप की सुविधाओं से संबंधित विभिन्न अनुभागों के कर्मचारी, अधिकारी काम करते हैं। साथ ही समस्याओं को लेकर बीएसपी कर्मचारी और व्यवसायी आदि का भी आना जाना लगा रहता है। लेकिन वर्षों बाद भी ऊपरी फ्लोर मे जाने के लिए लिफ्ट नहीं लगाई गई है। इससे सभी को असुविधा व दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सेवानिवृत्त कर्मियों ने बताया कि बीएसपी द्वारा इस के भवन के निर्माण के दौरान अन्य बहुमंजिला भवनों की तरह यहां भी लिफ्ट लगाए जाने की योजना थी। इस दौरान 90 के दशक में सीटीए (नगर सेवा प्रमुख) टाउनशिप प्रमुख एमआरआर नायर, जो बाद में सेल चेयरमेन भी बने और पूर्व सीटीए के. प्रसाद राव के कार्यकाल में भी यहां लिफ्ट लगाने की तैयारी कर ली गई थी लेकिन परिणाम अब तक शिफर है। जबकि इस्पात भवन,सेक्टर 9 हास्पिटल और प्लांट के कुछ भवनों में भवनों में कर्मियों की सुविधा के लिए शुरु से ही लिफ्ट लगी है।

## चालीस साल से लिफ्ट लगाने की योजना ठंडे बस्ते में

### महिलाओं व प्रौढ़ कर्मियों को दिक्कत

नगर सेवाएं विभाग के भवन में अब तक लिफ्ट नहीं लगाए जाने के कारण यहां कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों के अलावा यहां बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायत व अन्य कामों से आने वाले टाउनशिप के लोगों को रही है। महिला कार्मिकों और प्रौढ़ आयु के कर्मियों अधिकारियों को चढ़ने, उतरने में परेशानी होती है। कुछ कर्मियों को अस्थमा, बीपी व हार्ट आदि की शिकायत के साथ भारी शरीर भी होने से असुविधा होती है। उन्हें फाइल लेकर दिन में कई बार चढ़ना उतरना पड़ता है। ऐसी ही स्थिति बाहर के लोगों की भी है। कई कार्मिक तो रिटायर भी हो चुके हैं। कर्मियों की तरह व्यापारियों आदि को भी परेशानी हो रही है। व्यवसायियों ने बताया कि बिलिंग, लीज डीड आदि कार्यों से अक्सर इस्टेट आफिस आफिस आना होता है लेकिन लिफ्ट नहीं होने से परेशानी हो रही है। लोगों की परेशानी को देखते हुए प्रबंधन को जल्द लिफ्ट लगाने की जरुरत है।

अलग खबर



# रिटायर संयंत्र कर्मियों की बढ़ी आवासीय परेशानी

## दस लाख सिक्योरिटी जमा करने के बाद भी रिटेंशन स्कीम की अवधि मात्र छह माह

### इंटक ने अवधि दो साल बढ़ाने व एवं स्योरिटी की बाध्यता समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

कीर्तिमानी उत्पादन में योगदान देने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति के समय आवासीय समस्या से जूझना पड़ रहा है। बीएसपी क्वार्टर के लिए भारीभरकम राशि जमा करने के बाद भी मात्र छह माह के लिए 6 महीने के लिए आवासीय सुविधा दी जा रही है। कर्मियों की परेशानी को देखते हुए श्रमिक संगठनों ने राहत दिलाने के लिए प्रबंधन पर दबाव बनाना शुरु कर दिया है। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने रिटेंशन स्कीम की अवधि 6 माह से बढ़ाकर 2 वर्ष करने और इसके लिए कर्मचारियों से स्योरिटी लेने की बाध्यता समाप्त करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को उनकी पारिवारिक जरूरत को देखते हुए प्रबंधन द्वारा पूर्व में 2 वर्ष के लिए क्वार्टर रिटेंशन पर दिया जाता था । इसके चलते कर्मचारियों को बहुत राहत मिल रहा थी, लेकिन कुछ वर्ष पहले रिटेंशन अवधि को 2 वर्ष से घटाकर मात्र 6 महीना कर दिया गया । इससे कर्मियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं और प्रबंधन के इस कदम को अव्यावहारिक बताया जा रहा है। यूनियन ने कहा कि रिटेंशन पर क्वार्टर लेने की प्रक्रिया की जटिलता और कर्मचारियों की जरूरत को देखते हुए मात्र 6 माह के लिए रिटेंशन पर क्वार्टर देना बिल्कुल भी व्यावहारिक नहीं है । इंटक यूनियन ने बताया कि इतनी कम अवधि में कर्मचारी जिन जरूरतों के लिए आवास रिटेंशन पर लेता है वह पूरी नहीं हो पाती है।

कर्मचारी रिटेंशन पर क्वार्टर लेने के लिए 8 से 10 लाख रुपए प्रबंधन के पास सिक्योरिटी डिपॉजिट के रूप में जमा रखता है । रिटेंशन पर क्वार्टर देने से टाउनशिप में अवैध कब्जों से भी बचाव होता है ।



### 10 लाख देता है कर्मी स्योरिटी

रिटेंशन पर क्वार्टर लेने के लिए प्रबंधन द्वारा 5 वर्ष सर्विस शेष रहने वाले कर्मचारियों से स्योरिटी ली जाती है । संयंत्र के अधिकांश कर्मचारी रिटायर होने की कगार पर हैं। ऐसी स्थिति में 5 वर्ष की सर्विस बचे रहने वाले कर्मचारियों से श्योरिटी लेना बहुत मुश्किल हो रहा है । जब कर्मचारी 8 से 10 लाख रुपए प्रबंधन के पास सिक्योरिटी डिपॉजिट जमा कर रहा है तो उसे स्योरिटी लाने की क्या जरूरत है । यूनियन महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि दीर्घ सेवाकाल में कर्मी के योगदान और सेवानिवृत्ति में पारिवारिक जरुरत को देखते हुए रेटिंशन की अवधि कम न की जाए।

### इंटक प्रतिनिधि मंडल ने ईडी से मांगी राहत

यूनियन ने बीएसपी के कार्यपालक निदेशक के नाम आईआर जीएम को ज्ञापन सौंपकर रिटेंशन स्कीम में कर्मियों को राहत दिलाने की मांग की। कहा कि बीएसपी में 30- 35 वर्षों तक सेवाएं देने वाले कर्मचारी को 6 माह की बजाय 2 वर्ष के लिए क्वार्टर रिटेंशन पर दिया जाए और स्योरिटी लाने की बाध्यता को समाप्त किया जाए। ताकि कर्मचारियों को परेशानियों का सामना ना करना पड़ेगा और संयंत्र के क्वार्टर भी सुरक्षित रहेंगे। चर्चा के दौरान जीएम जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा, वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीणा, इटक महासचिव वंश बहादुर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालक को कोबरा ने काटा, समय रहते इलाज मिलने से बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जाको राखे साइंया मार सके न कोय...। यह कहावत सर्पदंश से पीड़ित 12 वर्षीय एक बच्चे पर पूरी तरह चरितार्थ हुई। बेहद जहरीले कोबरा सर्प के काटने से गंभीर बालक को उसकी जिजिविषा और डाक्टरों के अथक प्रयास से यहां शंकराचार्य अस्पताल में नया जीवन मिला। इस दौरान दो दिन तक गंभीर अवस्था में वह तीन अस्पताल से गुजरते हुए जीवन और मृत्यु से संघर्ष करता रहा। चिकित्सकों ने उसे खतरे से बाहर बताया है।

ग्राम देवकर के 12 वर्षीय आदित्य ठाकुर पिता संजय ठाकुर को शनिवार को विषैले कोबरा सांप ने काट लिया था। पिता के साथ नाश्ता करने भेल सेंटर गए बच्चे को दुकान के काउंटर के नीचे छिपे नागराज ने जैसे ही काटा वह चींखते हुए मूर्छित हो गया। तत्काल उसे देवकर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाये गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद सरकारी अस्पताल धमधा रेफर किया गया। हालत में सुधार न होते देख परिजन चंदूलाल अस्पताल भिलाई ले गए लेकिन विलंब होता देख शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी ले जाया गया। यहां डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ के दो दिनों के अथक प्रयास के बाद सर्पदंश से गंभीर बालक आदित्य की स्थिति में बेहतर सुधरा हुआ और डाक्टरों ने उसे खतर से बाहर बताया। परिजनों ने बताया कि डांक्टरों के प्रयास से बेटे को नया जीवन मिला है। एक दो दिन में डिस्चार्ज कर देने की संभावना है। उसके बड़े भाई के सालभर पहले पैरालाइस अटैक से मौत गई थी। उधर गांव में बच्चे को काटने वाले सर्प को सांप पकड़ने वाले दो युवकों ने पकड़कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया।



■ तीन दिन तीन अस्पताल में चला इलाज, डॉक्टरों के प्रयास से मिला नया

# अपशिष्ट से संपदा तक एमआरडी ने स्लैग प्रेषण में रचा कीर्तिमान



**भिलाई।** बीएसपी के मटेरियल रिकवरी विभाग ने एक ही दिन में सर्वाधिक 75 ट्रिप्स में कुल 2345.30 टन अन प्रोसेस्ड एलडी स्लैग का प्रेषण कर कीर्तमान रचा। इससे पहले 72 ट्रिप्स और 2267.50 टन का कीर्तिमान दर्ज हुआ था। बीओएफ स्लैग का कुशल और समयबद्ध निपटान संयंत्र में निर्बाध उत्पादन प्रवाह बनाए रखने और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक है। नए रिकार्ड से एमआरडी विभाग ने बीएसपी की परिचालन दक्षता, सतत संसाधन प्रबंधन और पर्यावरण-अनुकूल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस सफलता के पीछे एमआरडी और विपणन विभाग, सीआईएसएफ तथा अन्य सहायक इकाइयों के प्रयास स्लैग के सुचारू परिवहन के साथ संभावित अपशिष्ट को मूल्यवान संसाधन में बदलने की दिशा में भी ठोस कदम रखा।

# आईजी ने एएनटीएफ कार्यों की समीक्षा की, नशा तस्करों पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने एंटी नारकोटिक्स फोर्स की समीक्षा बैठक लेकर रेंज स्तर पर नशा की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

नशा तस्करों के खिलाफ उनके वाहनों को राजसात करने, नशा मुक्ति के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने को आईजी ने कहा है। आईजी गर्ग की अध्यक्षता में एएनटीएफ की बैठक में नशा तस्करी की रोकथाम, आरोपियों पर कठोर कार्रवाई, जनजागरूकता कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर संचालित करने पर चर्चा की गई। आईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। तस्करी में उपयोग किए जाने वाले वाहनों को राजसात करने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। मानस पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 1933 का व्यापक प्रचार-प्रसार हो। उन्होंने नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्रह्मकुमारी संस्था, सामाजिक संगठनों की मदद लेकर कार्यक्रम आयोजित करे। युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से अवगत कराने पर विशेष बल दिया।



### मौजूद थे ये भी अधिकारी

श्री गर्ग ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि मादक पदार्थों से जुड़े शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। ऑनलाइन माध्यम से होने वाली खरीदी-बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही है। विवेचना को एंड-टू-एंड करना और सफेमा के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बैठक में रेंज के बालोद एएसपी मोनिका ठाकुर, बेमेतरा एएसपी ज्योति सिंह, डीएसपी विनय कुमार, मनोज तिर्की, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, आईजी कार्यालय डीएसपी शिल्पा साहू, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, सहायक उपनिरीक्षक हेमंत त्रिपाठी और पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए किया जागरूक

**भिलाई।** बीएसपी के मानव संसाधन विभाग द्वारा मानव संसाधन विभाग के मुख्य सभागार में कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) के अंतर्गत विषयगत कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम संदीप माथुर थे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से कर्मचारी लाभान्वित होंगे और सभी को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करेंगे। मेसर्स ईएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 19 फरवरी से 5 मार्च के बीच सभी पाँच इस्पात संयंत्रों में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। 20 अगस्त तक कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारियों के लिए परामर्श के लिए जाएँ या न जाएँ" तथा गैर-अधिकारियों के लिए "तनाव से शक्ति तक जैसे विषय शामिल हैं। संचालन उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया व सिकंदर इंदौरिया व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक के सुपर्णा ने किया।

## कलाकारों ने देशभक्ति गीतों से जगाया जज्बा

**भिलाई।** बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर महात्मा गाँधी कला मंदिर में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक सौमिक डे विशेष अतिथि थे। विजेताओं ने देशभक्ति गीत सुनाए।

## सीआईआई पूर्वी क्षेत्र कार्य कौशल प्रतियोगिता में बीएसपी के कर्मचारियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करते हुए 35वीं सीआईआई कार्य कौशल प्रतियोगिता (पूर्वी क्षेत्र) में कई पुरस्कार जीते हैं। 2024 में नई दिल्ली में आयोजित 35वीं सीआईआई कार्य कौशल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह कोलकाता में आयोजित किया गया। साथ ही सीआईआई पूर्वी क्षेत्र कार्य कौशल प्रतियोगिता के उद्घाटन पर संयंत्र कर्मी सम्मानित किये गये । बीएसपी के इंजीनियरिंग एसोसिएट्स पीला राम वर्मा और शिव शंकर टंडन ने कारपेंटर ट्रेड में पुरस्कार प्राप्त किया। अर्पित सिंह को कोपा ट्रेड, प्रकाश को मिलर ट्रेड तथा निथियानंथन एन. को पीएलसी ट्रेड में सम्मानित किया गया। सीआईआई पूर्वी क्षेत्र कार्य कौशल प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। इसमें बीएसपी के 27 प्रतिभागियों का दल 20 से 22 अगस्त तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 9 विभिन्न ट्रेडों में प्रतिस्पर्धा करेगा।











हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



रैंप वॉक में दिखा ट्रेडिशनल और एडवांस लुक का खूबसूरत नजारा फैशन शो में मिला क्वीन का खिताब, सोलो व ग्रुप डांस में की मस्ती

**लाइव इवेंट**

## देशभक्ति गीतों ने बढ़ाया उत्साह पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प




**भिलाई।** आरोग्य भारती टीम और सन राइज वूमेन क्लब के तत्वावधान में आजादी का जश्न मनाते हुए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरोग्य भारती की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी, गीता पांडे, वीना माहूले, आशा त्रिपाठी, आशा तिवारी, अंजू सिंह, साधवानी, अनुप्रिया अपाले सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण कर दी गई। जिसके बाद सभी ने मिलकर पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी ने कहा कि स्वतंत्रता केवल राष्ट्र के लिए ही नहीं, बल्कि प्रकृति के लिए भी आवश्यक है, और वृक्षारोपण इसका सबसे उत्तम माध्यम है। इन पौधो के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। कार्यक्रम में देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण की भावना का सुंदर संगम दिखाई दिया। इस दौरान सभी सदस्याओं ने गीत और नृत्य की भी प्रस्तुतियां दी।

**सिटी इवेंट**

## 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रो बाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का दबदबा




**भिलाई।** भारतीय थ्रोबाल संघ के तत्वाधान में झारखंड थ्रोबाल संघ द्वारा 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड राज्य के रांची में स्थित खेलगांव में हरिवंश ताना भगत सिंह इनडोर स्टेडियम में 16 से 18 अगस्त तक किया गया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में देश के 23 राज्यों की और महिला वर्ग में 19 राज्यों की टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा किया। महिला वर्ग ने अपने लीग मुकाबलों में असम को 25-06, 25-0 से, अरुणाचल प्रदेश को 25-06, 25-09 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में बिहार को 25-03,25-06 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में मुंबई की टीम को 27-25, 25-17 से हराया। फाइनल मुकाबले में झारखंड को 25-13, 25-17 से परास्त कर विजेता बनी। वहीं छत्तीसगढ़ पुरुष टीम भी अपने वर्ग की उपविजेता रही। पुरुष टीम ने अपने लीग मुकाबलों में चंडीगढ़ को 25-06,25-07 से आंध्र प्रदेश को 25-14, 25-11 से, क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र को 26-24,25-21 से, सेमीफाइनल में कर्नाटक को 25-11, 25-13 से परास्त कर उपविजेता बनी। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले के प्लेयर ऑफ द मैच छत्तीसगढ़ के अशोक को चुना गया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच छत्तीसगढ़ की सना को चुना गया। महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ की आकांक्षा रही। छत्तीसगढ़ की पुरुष एवं महिला टीम विगत 15 वर्षों से राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबाल संघ के सभी पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ की महिला एवं पुरुष टीम को जीत की शुभकामनाएं दी। दोनों ही टीमें आज को छत्तीसगढ़ लौटेंगी।

**लाइव इवेंट**

## गणेशोत्सव व शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर बैठक आयोजित, लिया निर्णय





■ मंदिर समिति के पुर्नगठन में युवाओं को मिला मौका

**भिलाई।** स्मृति नगर मॉडल टाऊन चौक भिलाई स्थित माँ महामाया मंदिर, श्री पंचमुखी मंदिर में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंदिर समिति के कार्यकर्ता व वार्ड-2 व 3 युवा और बुजुर्ग ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मां महामाया मंदिर श्री पंचमुखी मंदिर में आगामी पर्व श्री गणेशोत्सव एवं शारदीय नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए आम जनमानस की भागीदारी एवं सहयोग भी रहे। साथ मंदिर समिति के पुर्नगठन एवं मंदिर का विकास जन सहयोग से जल्द करवा सके। विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। युवाओं को प्रमुख दायित्व दिए जाने के लिए ही बैठक रखा गया था। अध्यक्ष पद राम तिवारी, कोषाध्यक्ष- रवि सेन, उपाध्यक्ष पं. कुशल उपाध्याय, सचिव - विजय गोस्वामी, सह सचिव अन्नु यादव, पदुम चंद्राकर को चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक अजय चौहान, अधिवक्ता - राजेश तिवारी, अक्षय सोनी, मयंक जायसवाल, शरद राजोरिया, गोविंद साहू, गिरिराज सिंग, उत्कर्ष भट्ट, गायत्री तिवारी, घनश्याम सिल्हारे, वेदांत घोष, संजय ठाकुर आदि उपस्थित थे।

● आ रहे हैं लंबोदर, आज से 7 दिन बाद विराजेंगे विघ्नहर्ता, हजारों पंडालों में देंगे दर्शन

# गणेशोत्सव का नया ट्रेंड,मिनी पंडाल ऑन डिमांड, पर्यावरण सुरक्षित और कम बजट में मंदिर जैसा आकर्षक लुक लोगों को बहुत भाया

त्योहार नजदीक आते ही ट्विनसिटी के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। दुकानों पर सजावट का सामान, मूर्तियां और रंग-बिरंगी लाइटिंग की धूम है। इसी बीच इस बार खास आकर्षण बने हुए हैं घर पर विघ्नहर्ता गणेश को बैठाने के लिए आर्टिफिशियल मिनी पंडाल। जिसे भिलाई के फूल मार्केट के पुरानी दुकान जेना फ्लावर सेंटर में पहली बार तैयार किया जा रहा है। लोग की डिमांड के अनुसार आर्डर पर राउंड, चौकोन, बाक्स जैसे यूनिक स्टाइल के साथ लाईटिंग और म्यूजिकल मिनी पंडाल कम बजट में तैयार किये जा रहे है।

### गणेशोत्सव में घर-घर दिखेगी रौनक, छोटा पंडाल, बड़ी भक्ति, आर्टिफिशियल पंडाल से सजेगी आस्था

**भिलाई।** ट्विनसिटी में इस बार गणेशोत्सव को खास बनाने के लिए बाजार में नए-नए आर्टिफिशियल छोटे पंडाल सजकर बिक रहे हैं। आर्टिफिशियल छोटे पंडाल लोगों के घर- घर-घर में गणेशोत्सव की भक्ति और उल्लास का नया रंग भर रहे हैं। घर पर गणपति बिठाने वाले परिवारों के लिए ये पंडाल बेहद आकर्षक और आसान विकल्प साबित हो रहे हैं। रंग-बिरंगी लाइटिंग, थर्माकोल और फाइबर से बने इन पंडालों को घर के ड्रॉइंग रूम या बालकनी में आसानी से लगाया जा सकता है।







अलग-अलग डिजाइन में आर्टिफिशियल फूल, टिशू, मलमल और शिफॉन के कपड़े से सजावट लोगो का आकर्षित कर रही है। पंडाल बनाने वाले दुकानदारों के मुताबिक इस बार पर्यावरण और जगह की बचत को ध्यान में रखते हुए छोटे आर्टिफिशियल पंडालों की मांग बढ़ी है। 500 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक के पंडाल बाजार में उपलब्ध हैं। सोशल मीडिया के चलते सजावट के सामान लोग दुकानों से या फिर आजकल ऑनलाइन मंगाकर घर पर तैयार कर रहे है। लेकिन इस साल लोगो को घर पर गणपति बैठाने रेडिमेड छोटे पंडाल कम बजट में मिल जाएंगे।

### बच्चों को भा रहे मंदिर

गणेश पूजा की तैयारी करने के लिए सामान खरीदने आए लोगों ने बताया कि हम हर साल गणपति लाते हैं, लेकिन इस बार बच्चों ने छोटे पंडाल की जिद की है। ये पंडाल देखने में मंदिर जैसे लगते हैं और घर में सजावट के लिए उतना परेशान नहीं होना पड़ता है।



### लोगों की डिमांड पर पहली बार बनाएं जा रहे पंडाल

सेक्टर 6 फूल मार्केट के अध्यक्ष अरुण जेना ने बताया कि वे 30 सालों से दुकान लगा रहे है। लेकिन इस बार दुर्ग-भिलाई में यह मिनी पंडाल शायद पहली बार खुद यहां बनाकर बेचा जा रहा है। अब रेडीमेड आर्टिफिशियल पंडाल पसंद कर रहे हैं। कम मेहनत में सुंदर सजावट हो जाती है। गणेश पूजा या जन्माष्टमी में पहले लोग घर पर सजावट के लिए अलग से डिजाइन बनवाते थे, फ्रेश या आर्टिफिशिल फूल से डेकोरेशन का खर्चा ज्यादा आता था।इस मिनी पंड़ाल के लिए रायपुर से भी आर्डर आ चुके है।

### मिनी पंडाल की खासियत

बदलते समय के साथ साथ पूजा पाठ की तैयारियों में भी काफी परिवर्तन आया है। लोग पूजा पाठ के साथ ही सजावट और सेलिब्रेशन में भी कोई कसर नही छोड़ना चाहते।गणेश पूजा में लोगो की डिमांड और कम बजट में बेहतर विकल्प को ध्यान में रखते हुए मिली पंडाल सफी वर्ग के लिए एफोर्डेबल है। दुकानदारों ने बताया किघर की छोटी जगह में आसानी से फिट हो जाते हैं। थर्माकोल, फाइबर व सजावटी कपड़े से बने, पर्यावरण के अनुकूल व हल्के वजन वाले 500 से 5000 रुपये तक की रेंज में उपलब्ध है। रेडीमेड डिजाइन, सजाने में कम मेहनत जो मंदिर जैसा आकर्षक लुक देता है।

## मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, बॉल गेम, चम्मच गोली, सुई धागा में मारी बाजी, किया एंजाय

**भिलाई।** श्यामाधाम मंदिर परिसर ग्राम उमरपोटी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कालोनी की सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विभिन्न रोचक गेम्स भी खेले गए, जिसमें सभी महिलाओं ने खूब एंजाय किया।


समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों आयोजित की गई। जिसमें समूह गीत, समूह नृत्य, मटका फोड़, कुर्सी दौड, बॉल गेम, चम्मच गोली, सूई धागा सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं ने उपस्थित महिलाओं को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सदस्य श्रद्धा साहु ने की। विशेष अतिथि उमरपोटी ग्राम



सरपंच विजेन्द्र साहु, चन्द्रकिरण साहु और ग्राम धनोरा की स्वाति शिंदे, प्रेरणा साहु और भारती साहु उपस्थित रहीं। मंच संचालन शीशलता गजेन्द्र ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उमरपोटी तीज क्वीन प्रतियोगिता रही, जिसमें रेशमा साहू और कुंती गजपाल विजेता बनीं। आयोजन में गरिमा साहू, संगीता मानिकपुरी, रेनुका साहु, अंजुलता, मधु खांडे और सुनिता देशलहरे का विशेष सहयोग रहा। समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन तारणी कश्यप और सीमा कश्यप ने किया।

## सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर किया नमन, लगाए गए नारे

**भिलाई।** सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथी सुपेला अंडरब्रिज प्रियदर्शनी परिसर मनाई गई। इस दौरान सुपेला स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर उनको नमन करते हुए याद किया। स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश संयोजक शंभू गुप्ता, प्रशांत क्षीरसागर सहित उपस्थित लोगो ने उनके संदेशों को याद करते हुए समाज हित में कार्य करने को कहा।



उन्होंने बताया कि सुभाष चंद्र बोस ने जापान के सहयोग से आजाद हिंद सेना का गठन किया था उनके उनके द्वारा किये कार्य, नारा, भारतीय सेना संकल्प इच्छा शक्ति, ब्रिटिश साम्राज्य समाप्त कर भारत को आजाद करना था। प्रशांत कुमार क्षीरसागर ने कहा कि आज भी उनका दिया हुआ नारा तुम मुझे खून दो- मैं तुम्हें आजादी दूंगा और दिल्ली चलो ये प्रमुख नारे से लोगो में ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक स्वच्छ भारत अभियान के शंभू गुप्ता, विनोद देवा, गगन, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, मुरलीधर गुल्हाने, सुभाष शर्मा, ब्रह्मानंद राव, ओम क्षीरसागर सहित अन्य प्रमुख जन उपस्थित थे।

**वेद प्रचार सत्र में वैदिक यज्ञ और सत्संग का आयोजन**

# प्रेम, सेवा और श्रद्धा बाजार में नहीं, भावनाओं में मिलती है, क्योंकि शिकायत से भरा व्यक्ति भक्त नहीं हो सकता

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। शिकायत से भरा व्यक्ति भक्त नहीं हो सकता। भक्त को सेवा से आनंद मिलता है और उसे कण-कण में परमात्मा दिखाई देता है। जीवन की खुशियां किसी दुकान में नहीं मिलतीं, ये भावनाओं का खेल हैं। कोई करोड़ों का मालिक होकर भी दुखी है, जबकि साधारण व्यक्ति भी प्रसन्न रह सकता है। इसीलिए कबीर ने प्रार्थना की थी साईं इतना दीजिए, जामे कुटुम समाय। जीवन में प्रार्थना, आभार और अहोभाव के महत्व को रेखांकित करते यह बातें वैदिक यज्ञ और सत्संग के दौरान डॉ अजय आर्य ने कही।



### व्यक्ति भवन से नहीं बल्कि भावना से होती है अमीरः डॉ. अजय

वेद प्रचार सत्र के अंतर्गत वैदिक यज्ञ और सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें राम निवास गुप्ता परिवार यजमान बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जब क्रिया और भाव दोनों एक साथ मिलते हैं, तो जीवन आनंद से भर जाता है। व्यक्ति भवन से नहीं, बल्कि भावना से अमीर होता है। करोड़ों का धन होने पर भी यदि देने की भावना नहीं है, तो वह निर्धन कहलाएगा। वहीं सामान्य साधन वाला व्यक्ति यदि दूसरों को देखकर प्रसन्न होता है, तो वह दयालु कहलाकर प्रतिष्ठित होगा।उन्होंने आगे कहा कि जहां राम का निवास है, वहां सुख अपने आप आ जाता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने राम का अर्थ बताते हुए कहा कि योगीजन जिस परमात्मा में आनंद पाते हैं, वह राम है। एक राम दशरथ का पुत्र है और दूसरा राम घट-घट में व्याप्त है। इस अंतर को समझना ही आर्य विचारों से जुड़ना है।

### जहां राम है, वहीं आराम है

आचार्य ने कहा कि यह कहानी हमें सिखाती है कि जीवन की मूल वस्तु प्रेम, श्रद्धा और सेवा है, जबकि आज का युवा सब कुछ खरीदना चाहता है। परंतु याद रखिए प्रेम, श्रद्धा, सुकून और आनंद किसी दुकान में नहीं मिलते। ये केवल ईश्वर भक्ति से ही प्राप्त होते हैं। जहां राम है, वहीं आराम है।

**भजन और सम्मानः** भजनोपदेशक सुकांत आर्य ने मधुर भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद के विचार मनुष्य के जीवन को बदलने की शक्ति रखते हैं। आर्य का अर्थ श्रेष्ठ है, और प्रत्येक व्यक्ति को श्रेष्ठ बनने का प्रयास करना चाहिए।यज्ञ के के दौरान आचार्य अंकित आर्य ने वेदमंत्रों का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में आचार्य डॉ. अजय आर्य, अवनी भूषण पुरंग, रवि आर्य और सुकांत आर्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आयोजक राम निवास गुप्ता का सम्मान किया।



## सिटी इवेंट

### कोलकाता के कारीगर सजायेंगे सत्तीचौरा माता का द्वार, लिया निर्णय



**दुर्ग।** श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर समिति द्वारा क्वांर नवरात्र की तैयारियां शुरु कर दी गई है। 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले नवरात्र की तैयारी और व्यवस्था को लेकर कई अहम निर्णय लेते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। समिति के सुजल शर्मा ने बताया कि शहर के प्रसिद्ध सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर गंजपारा, दुर्ग में हर साल की तरह इस वर्ष भी ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। मंदिर को आकर्षक लाइट, टेंट और कलकत्ता के कलाकरों द्वारा फूलों से आकर्षक सजावट की जायेगी। सत्तीचौरा मंदिर में सभी नवरात्रि में लगभग 450 से अधिक ज्योति कलश की स्थापना की जाती है। इस बार भी ज्योति कलश स्थापना की बुकिंग की जा रही है। 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर अक्टूबर तक रोज सुबह 9 बजे माता का महाभिषेक धर्मप्रेमियों द्वारा किया जायेगा। माता के अभिषेक के लिए मन्दिर परिसर में बुकिंग चालू है। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ और कन्या भ्रूण हत्या बंद का आह्वान करते पिछले कई वर्षों से सत्तीचौरा मंदिर में अंचल का सबसे बड़ा कन्या भोज का आयोजन किया जाता है जिसे इस वर्ष भी ऐतिहासिक आयोजन के रुप में करने की तैयारी की जा रही है। भजन संध्या और जसगीत छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भजन और जस गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। बैठक के अंत में समिति के दिवंगत सदस्यों और संरक्षको को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

- कन्या महाभोजन की विशाल तैयारी शुरु

बैठक में बंटी शर्मा, विठ्ठल दास भूतड़ा, मिलापचंद ओसवाल, गौतम जैन, गोपाल शर्मा, अशोक राठी, नवल अग्रवाल, महेश टावरी, राजेंद्र साहू, राजेश शर्मा, मनोज भूतड़ा, प्रवीण भूतड़ा, सुरेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, घनश्याम पंड्या, नरेंद्र शर्मा, घनश्याम जोशी, विजय जैन, रवि, गुड्डू कश्यप, कुलेश्वर साहू, पिंकी गुप्ता, राहुल शर्मा, रिक्की साहू, दीपक, इकबाल खान सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

● रैंप पर दिलकश अंदाज में जब प्रतिभागी महिलाओं ने तीन ग्रुपों में किया फैशन शो

# रैंप वॉक में दिखा ट्रेडिशनल और एडवांस लुक का खूबसूरत नजारा

# फैशन शो में मिला क्वीन का खिताब, सोलो व ग्रुप डांस में की मस्ती

*सावन और भादौ का महीना महिलाओं के लिए ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहता है। इस महीने नव विवाहिता अपने मायके जाकर सहेलियों से मिलकर हंसी-ठिठोली करती है और अपने पुराने दिनों को याद को ताजा करती है। इस दौरान विभिन्न समाजों, संगठनों और क्लब द्वारा तीज सेलिब्रेशन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में तालपुरी में महिला समिति द्वारा तीज सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं ने रेड कार्पेट पर रैंप वाक कर फैशन का जलवा बिखेरा।*

**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक में को महिला समिति द्वारा तीज मिलन समारोह पर फैशन शो का शानदार आयोजन किया गया। खचाखच भरे क्लब हाउस में आयोजित इस शो में तालपुरी की महिलाओं ने ट्रेडिशनल और एडवांस लुक का खूबसूरत नजारा पेश किया। रैंप पर दिलकश अंदाज में जब प्रतिभागी महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों को आधुनिक डिजाइनों और शैलियों के साथ मिलाकर वॉक किया तब जजों के साथ-साथ सभी ने दिल थाम लिया। फैशन शो तीन ग्रुपों में किया गया। जूनियर में हिमानी सिंह, सीनियर में आशा वड़वाड़े तथा सुपर सीनियर में श्यामली मुखर्जी को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। इस मौके पर नृत्य और गीत-संगीत भी रखा गया।



### फैशन का जलवा दे शोहरत व मकसद

फैशन शो के निर्णायक मंडल में नृत्य गुरु डॉ राखी राय, लोकगायिका ममता राव और सीमा सिंह शामिल थीं। समारोह को संबोधित करते हुए समिति की अध्यक्ष तथा अधिवक्ता रेखा सिंह ने कहा कि तीजोत्सव रंगबिरंगे परिधानों, मेहंदी की सुर्खी, सावन के झूलों तथा गीत-संगीत का मिलाजुला रूप है, जो हमें याद दिलाता है कि तीज में हम अपने तन और मन को कैसे संवारें।

### फैशन शो में रहे विजेता

फैशन शो जूनियर में कविता सिन्हा फर्स्ट रनरअप और श्रद्धा बैतुले सेकंड रनरअप, सीनियर ग्रुप में नीलू शर्मा फर्स्ट रनरअप, ज्योति दवंडे सेकंड रनरअप और सुपर सीनियर ग्रुप में रीता चौहान फर्स्ट रनरअप एवं वकुला राव सेकंड रनरअप रहीं। रैंप पर बबीता केला, दिया साहू, प्रियंका सिंह, माधुरी, पम्मी साहू, रेणुका, सरला, सुशीला, जयश्री, लता, अनीता, गौरी, ममता, भावना, नीलू, रीता, सीमा, कृतिका, कंचन, सरोज तथा निर्मला ने भी अपनी अदा बिखेरी।



### एकल और समूह नृत्य का छाया जादू





एकल एवं समूह नृत्य में भाग लेकर मोहपाश में बांधने वाली महिलाओं में सुनीता ठाकुर, मीनाक्षी, प्रतिमा खरे, ट्विंकल साहू, सरस्वती सिंग, नीतू चंद्राकर, दीपा सिंह, मंजू देवांगन, सत्यभामा साहू, आशा वर्मा, बी तुलसी, गायत्री देवांगन, उषा साहू, योगिता देवांगन, सुनीता चंद्राकर, अनीता दत्ता, मनीषा हाड़गे, आभा देशमुख, मंगला बोखड़, भावना साकुरे, ममता वर्मा, चेतना, देवप्रभा, उर्वशी, सविता, रंजना जागड़े, रूपा सत्यवर्ती, भावना देशमुख और रूचि जैन शामिल रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतू साहू, आशा जानी तथा महिमा धोबले ने किया। समारोह के शानदार आयोजन में धनेश्वरी शर्मा, माला यादव, रेखा मालवीय, मनोरमा सिंह, एवं ममता शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

## धर्म इवेंट

### नवधा रामायण भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक, पवनपुत्र को लगा सवामणि भोग



**दुर्ग।** राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में चल रहे नवधा पारायण रामायण पाठ में लगभग 2 हजार से अधिक भक्तों ने एक साथ बैठकर रामायण का पाठ किया। आठवें दिन भक्तों ने अंगद रावण संवाद, लक्ष्मणजी को मूर्छा, श्रीराम का प्रलाप, कुंभकर्ण वध, मेघनाथ वध, रावण वध, अवध को प्रस्थान, भरत हनुमान मिलन, रामजी का भरत और अयोध्यावासियों से मिलन के प्रसंग पर दोहों का पाठ किया। जोधपुर के पं. गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा ने श्रद्धालुओं को इन प्रसंगों के पीछे प्रभु श्रीराम के संदशों को भी बताया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आज को नवधा रामायण पारायण पाठ का समापन होगा। इस अवसर पर सुबह 9 बजे सुंदरकांड का पाठ होगा। इसके बाद हनुमानजी को सवामणी भोग लगाया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 6.30 बजे रामायण पाठ होगा, जिसमें श्रीराम राज्याभिषेक, भगवान का प्रजा को उपदेश, काग भसुंडी रामायण, काग भूसंडी और लोमश संवाद के प्रसंग पर पाठ किया जाएगा। सोमवार को ही मंदिर परिसर में चल रहे श्रीविष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। यज्ञाचार्य पं. पवन द्विवेदी व विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ हवन, यज्ञ कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। रामायण पाठ के बाद प्रभु श्रीराम के भजनों पर मगन होकर श्रद्धालु झूमते रहे। आयोजन में पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे, चंद्रिका चंद्राकर, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, खैरागढ़ के पूर्व विधायक कोमल जंघेल सहित अन्य विशिष्टजनों व गणमान्य लोगों ने शामिल होकर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की।

## उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल का आयोजन

# महाप्रभु जगन्नाथ को भेंट किए 1.5 किलो चांदी के मुकुट, भजन कीर्तन में झूमे भक्त



**भिलाई।** जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर-6 में उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल ने धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा के लिए 1.5 किलो चांदी से निर्मित तीन मुकुट भेंट किए गए। इस दौरान जह भगवान के विग्रह पर ये मुकुट सुशोभित किए गए, पूरा मंदिर प्रांगण भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। मुकुट अर्पण के साथ मंदिर की आभा और भी अलौकिक हो उठी। भक्तिमय वातावरण में महिलाओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन कर महाप्रभु को प्रसन्न किया। जिससे मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक तरंगें गूंज उठीं। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलन और आरती में हिस्सा लिया तथा भगवान जगन्नाथ से समाज और प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर के पुजारी पं. तुषार कान्त महापात्रा ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कर मुकुट अर्पण का कार्य पूर्ण कराया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में समाजिक जन उपस्थित रहे। उपस्थित भक्तजनों ने महिला मंडल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह भेंट केवल आभूषण नहीं, बल्कि आस्था, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्य संजू साहू, अनीता मिश्रा, मिनती रथ, संध्या महापात्र, सरोजिनी पाणिग्रही, नमिता साहू, सायल साहू, झुनू पात्रो, रीना महंती, पुष्पलता कर, जया साहू, विजयलक्ष्मी साहू, उर्वशी दास, गीतांजलि साहू, गीतांजलि चौधरी, विजयलक्ष्मी पंडा, रीना दास, रेखा दास, पवित्रा मिश्रा, मंजू नाहक, प्राप्ति पाणिग्रही, सविता नाहक, सरिता साहू, ममता मिश्रा, मिनती नायक, मिनती मिश्रा, सुंदरी जैना, मंजू विश्वाल, लीना बिसवाल, मीना राव, रुनु साहू, इंद्राणी पाड़ी, इंदिरा रथ, श्रीलता, श्यामली दास, साहू, पूजा साहू, दमयंती सागरिका रथ, पूजा नायक, पुष्प पंडा, ज्योति पंडा, अंजलि पटन भाग्य दलेई, पूजा महंती, त्रिपाठी, गीतांजलि त्रिपाठी, रानी साहू, जोशना मलिक, नायक, सुषमा साहू, सस्मिता आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह

# सत्य, सेवा और सदाचार का अलख जगाने डॉ. अजय हुए सम्मानित



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय में संस्कृत के शिक्षक डॉ. अजय आर्य को उनकी विशिष्ट सामाजिक और मानवीय सेवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद आदर्श रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मंगलवार को विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने दिया। डॉ. अजय आर्य शिक्षा के क्षेत्र में न केवल संस्कृत भाषा और संस्कृति के संवाहक के रूप में अपनी पहचान रखते हैं, बल्कि समाजसेवा में भी लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने अब तक 50 से अधिक बार स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के लिए अनुकरणीय मिसाल पेश की है। साथ ही, पर्यावरण चेतना के क्षेत्र में वृक्षारोपण, जागरूकता अभियान और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं। डॉ. अजय आर्य समाज से जुड़े हुए हैं और स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों एवं मूल्यों का अनुसरण करते हैं। समाज में सत्य, सेवा और सदाचार की स्थापना हेतु वे आर्य विचारधारा के प्रचार-प्रसार में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि शिक्षक शिक्षा को केवल कक्षा तक सीमित न रखकर समाज की दिशा और दशा बदलने के लिए कार्य करें। शिक्षक का दायित्व विराट और विशाल है उनकी सामाजिक भागीदारी में सकारात्मक की अपेक्षा हमेशा रहती है। डॉ. अजय ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी मूल्यों का है जिन्हें स्वामी विवेकानंद ने हमें दिया। शिक्षा का अर्थ केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि समाज को सजग और संवेदनशील बनाना है।

**स्वामी विवेकानंद आदर्श रत्न सम्मान से सम्मानित**

## सिटी लाइव

### वृंदावन से आये कलाकारों संग पंजाबी समाज ने खेली फूलों की होली



**भिलाई।** पंचशील पंजाबी एसोसिएशन भिलाई द्वारा जन्माष्टमी पर्व पंजाबी पैलेस के परिसर में बड़े ही हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान वृंदावन से आएं कलाकारों ने शानदार नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए सभी के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल का स्वागत सभा के अध्यक्ष कैलाश मल्होत्रा और मुख्य संजोयक अजय भसीन ने अपनी टीम के साथ किया। सांसद द्वारा कृष्ण वंदना हुई, जिसके बाद रास लीला का आयोजन किया गया। रास लीला की प्रस्तुति वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा दी गई। जिसका आनंद समाज के सदस्यों ने सपरिवार लिया। प्रांगण का माहौल इतना कृष्ण राधा मय हुआ कि उपस्थित जन कलाकारों के साथ झूम उठे और फूलों की होली खेली गई। अजय भसीन ने नई कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय कराया। कैलाश मल्होत्रा ने जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए सभा में उपस्थित लोगों का अभिवादन किया और कार्यकारिणी के हर सदस्य ने जो सहयोग दिया उसकी सहारना की। जितेंद्र उप्पल, सामान्य सचिव ने आभार व्यक्त किया और सीनियर सदस्यों ने कलाकारों का सम्मान किया।

- जन्माष्टमी पर्व पर पंजाबी समाज हुआ कृष्णमय

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग में रोज लग रही भीड़

# कालिया नाग पर नृत्य, यमुना में वस्त्रहरण, गीता का सच्चा ज्ञान, सतयुगी दुनिया की झांकी देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध, 21 तक ले सकेंगे आनंद

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग बोर्ड में आयोजित धार्मिक आयोजन में सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष बच्चों के साथ शामिल हुए। नंदोत्सव के आयोजन में विशेष झांकी बनाकर कृष्ण लीला का शानदार प्रदर्शन किया।गया था। जिसमें कालिया नाग के ऊपर नृत्य करते हुए कृष्ण, वस्त्रहरण की झांकी, गीता का सच्चा ज्ञान, सतयुगी दुनिया कैसी होगी शेर और गाय एक घाट का पानी पियेंगे, रास मंडल, कृष्ण को झूले में झूलते हुए दर्शन कर सभी आनंद में हो रहे थे, जिसमें विशेष सत्यभामा और रुक्मणि का नाटक की संगीतमय प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई। सभी ने चैतन्य राधे कृष्णा को झूला झुलाया।



### देव गुण के कारण कहलाएं देवता



इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी मनीषा ने कृष्ण के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वह परमपिता परमात्मा शिव से ईश्वरीय शक्ति से संपन्न हुए तभी से लोग उनका श्रद्धा के साथ गुणगान करने लगे। वास्तव में मनुष्य ही देव गुण धारण करने बाद ही देवता कहलाते हैं और आसुरी लक्षण के कारण साधारण मनुष्य कहलाते हैं। कृष्ण का व्यक्तित्व निर्विवाद रूप में अत्यंत आध्यात्मिक था वे जन्म से ही महान थे। कृष्ण का आगमन बहुत जल्द ही होगा, साथ ही सुख शांति की बांसुरी बाजेगी।

### पवित्र और मर्यादा पुरुषोत्तम कृष्ण

कृष्ण ने प्रजापिता ब्रह्मा के रूप में ईश्वरीय ज्ञान धारण करके ज्ञान यज्ञ रचा था। उन्होंने अपना तन, मन, धन संपूर्ण रीति से उसे यथार्थ ईश्वर अर्पण कर दिया था। उन्होंने अपना जीवन मनुष्य मात्र को ज्ञान दान देने में लगाया और काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार का समस्त भूमंडल पर अखंड राज्य था। जिसे उन्होने ज्ञान, तलवार और योग के कवच के प्रयोग से जीता था। ज्ञान यज्ञ ही सर्व यज्ञ में श्रेष्ठ है ज्ञान दान ही सर्वोत्तम दान है। विकारों को जितना ही सबसे बड़ा युद्ध करना है और मनुष्य मात्र को सदाचारी एवं श्रेष्ठ तथा योग युक्त बनाना ही सेवा करना है। परंतु लोगों ने कृष्ण का जन्म द्वापर युग में बता कर तथा उनके जीवन काल में भी कंस शिशुपाल महाभारत युद्ध रोग आदि हुए ऐसा कहकर कृष्णा पद की महिमा को बहुत कम कर दिया है। यह विचार करने की बात है कि कृष्ण की जन्माष्टमी मानते हैं और राम की नवमी मानते हैं। गीता भी सुनते हैं परंतु उन उपदेशों को अपने जीवन में धारण नहीं कर सकते हैं। जब हम अपने जीवन में उनके चरित्र और मर्यादाओं को धारण करेंगे तभी अज्ञान निद्रा से जागृत होकर हम सच्ची जन्माष्टमी मना पाएंगे। बीके मनीषा ने कृष्ण जन्माष्टमी के आध्यात्मिक रहस्य को राजयोग मेडिटेशन से समझने के लिए ब्रह्माकुमारी हाउसिंग बोर्ड एच आई जी में आयोजित झांकी दर्शकों के अनुरोध के चलते 21 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है।

## हेल्थ टिप्स

## रात को जल्दी सोने और सुबह जल्दी जगाने से बदल सकती है आपकी जिंदगी




आधी रात तक मोबाइल पर लगे रहना और देर से उठने की आदत ने ज्यादातर लोगों की सेहत को खराब कर दिया है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि जल्दी सोने और जल्दी उठने की आदत डालकर आप खुद को हेल्दीक रख सकती हैं।

आजकल की भागती दुनिया में, जहां देर रात तक काम करना या सोशल मीडिया पर लगे रहना काफी आम हो गया है, वहां जल्दी सोना और सुबह जल्दी उठना पुरानी परंपरा जैसा लगता है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह सिर्फ एक अच्छी आदत नहीं हैं, बल्कि आपके फिजिकल और मेंटल हेल्थ की चाबी है? जब हम प्रकृति के नियम, यानी सूरज के उगने और ढलने के चक्र के अनुसार चलते हैं, तब हमारा शरीर खुद को अच्छी तरह से ठीक और तैयार कर पाता है। आइए इस आर्टिकल के माध्यचम वेट लॉस एक्संपर्ट और न्यूशट्रिशनिस्ट वाणी बता रही हैं कि जल्दी सोने और जल्दी उठने की आदत आपकी जिंदगी को कैसे बदल सकती है?



### वेट लॉस में मददगार

जल्दी सोने से शरीर में इंसुलिन और कोर्टिसोल जैसे हार्मोन बैलेंस रहते हैं, जो फैट बर्न करने में मददगार होते हैं।

देर रात तक जागने से भूख बढ़ाने वाले हार्मोन एक्टिव होते हैं और मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। जब आप समय पर सोते हैं, तब आपका शरीर एनर्जी का सही इस्तेमाल करता है और फैट कम जमा करता है, जिससे वजन नेचुरली कम होता है।

### हार्मोनल बैलेंस में करता है मदद

हार्मोन रात में, खासकर आधी रात से पहले, खुद को रिसेट और रिपेयर करते हैं। सही तरीके नींद से एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन, इंसुलिन और थायराइड जैसे हार्मोन का बैलेंस बिगड़ सकता है। यह मूड स्विंग्स, PCOS और थकान जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। जल्दी सोने से आपके हार्मोन प्रकृति की लय के साथ तालमेल में रहते हैं।

### कब्ज से राहत

आपका डाइजेस्टिव सिस्टकम आपके सोने -जागने के साइकिल को फॉलो करता है।

देर रात तक जागने और देर से उठने से बाउल मूवमेंट अनियमित हो सकता है। लेकिन, जो महिलाएं जल्दी सोती और उठती हैं, उनका पेट सुबह नेचुरली साफ हो जाता है। अच्छीस नींद डाइजेशन पर सही करती है और कब्जो को दूर करती है।


### भूख और क्रेविंग पर कंट्रोल

देर रात तक जागने से घ्रेलिन यानी भूख वाला हार्मोन बढ़ जाता है और लेप्टिन यानी पेट भरा होने का एहसास कराने वाला हार्मोन कम हो जाता है। यही कारण है कि आपको रात में ज्याऔदा भूख लगती है और कार्ब्स खाने का मन करता है। जल्दी सोने से इन हार्मोंस का बैलेंस बना रहता है, जिससे क्रेविंग कम होती है और आप इमोशनल ईटिंग से बचते हैं।

### त्वंचा दिखती है सुंदर

आपका शरीर नेचुरल बॉडी क्लॉुक के अनुसार गहरी नींद के दौरान त्वचा को रिपेयर और डिटॉक्स करता है।

देर तक जागने से डार्क सर्कल्सर, त्वनचा पर ड्राईनेस और एजिंग के साइंस आ जाते हैं। लेकिन, नींद जिसे 'ब्यूटी स्लीप' भी कहते हैं, वह आपकी त्वचा पर चमक लाती है।



### फेफड़ों से संबंधित कई प्रकार की बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ गया है

# फेफड़े रहेंगे स्वस्थ और मजबूत, दूर होंगी सांस की बीमारियां, जानिए इसका सबसे आसान उपाय

हमारे शरीर को स्वस्थ रहने के लिए निरंतर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है और इसके लिए जरूरी है कि आपके फेफड़े बेहतर तरीके से काम करते रहें। हालांकि शोधकर्ता बताते हैं, लाइफस्टाइल, पर्यावरणीय और आहार से संबंधित समस्याओं के कारण पिछले एक दशक में फेफड़ों से संबंधित कई प्रकार की बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ गया है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि कोरोना महामारी के कारण भी इस अंग पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा गया है, सभी लोगों को इसे स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है।



### फेफड़ों को स्वस्थ रखेंगी कुछ सब्जियां

नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, आहार में कुछ प्रकार की सब्जियों को शामिल करके न सिर्फ फेफड़ों को स्वस्थ रखा जा सकता है, साथ ही पहले से ही मौजूद कई बीमारियों के जोखिमों को भी कम करने में इसके लाभ हो सकते हैं। लंदन के फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि क्रूसिफेरस फैमिली के साग और सब्जियों में कुछ यौगिक, उन प्रोटीन को बढ़ावा दे सकते हैं जो आंत और फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी हैं।

### अध्ययन में क्या पता चला?

शोधकर्ताओं ने फ्लू वायरस से चूहों को संक्रमित करके इसका परीक्षण किया और पाया कि क्रूसिफेरस यौगिकों से भरपूर आहार लेने वालों के फेफड़ों को कम नुकसान हुआ। एएचआर ने फेफड़ों की रुकावट को लीक होने से रोकने में मदद की, जिससे फेफड़ों में संक्रमण का जोखिम कम हो गया। इंपीरियल कॉलेज में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ जॉन ट्रेगोनिंग कहते हैं, यह अध्ययन महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें जानने को मिला है कि किस तरह से हम फेफड़ों की कोशिकाओं को वायरल संक्रमण के बाद होने वाली क्षति से बचा सकते हैं।

### क्रूसिफेरस फैमिली वाली सब्जियां काफी लाभकारी

शोधकर्ताओं ने बताया, जब हम इन पत्तेदार सब्जियों, पत्तागोभी या फूलगोभी और अन्य क्रूसिफेरस खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं, तो ये हमारे फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में पाए जाने वाले एरिल हाइड्रोकार्बन रिसेप्टर (एएचआर) नामक प्रोटीन को संकेत भेजते हैं। यह हमारे फेफड़ों में एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करता है, जो आंतरिक सिस्टम को स्वस्थ रखने के साथ बाहरी संक्रमण के जोखिमों से सुरक्षा देने में लाभकारी हो सकता है।



### क्या कहते हैं शोधकर्ता?

क्लीवलैंड क्लीनिक में क्रिटिकल केयर और पल्मोनरी मेडिसिन विशेषज्ञ, जोसेफ खब्बाजा कहते हैं, अध्ययन के निष्कर्षों में पल्मोनरी और फेफड़ों की बीमारियों को कम करने में सब्जियों की भूमिका के बारे में पता चलता है। वायुमार्ग में तरल पदार्थ का रिसाव होने से मरीजों को वेंटिलेटर पर रखना पड़ता है, हम इस तरह के जोखिमों को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

खब्बाजा कहते हैं, जिन लोगों का आहार स्वस्थ नहीं है उनमें कई प्रकार की इंफ्लामेटरी बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है, इस अध्ययन से पता चलता है कि बीमार होने से पहले स्वस्थ रहना और बीमार पड़ने पर स्वस्थ व्यवहार करना महत्वपूर्ण है।

## सुबह उठने में हो जाए देर तो 10 मिनट में तैयार करें ये हेल्दी नाश्ता

वीकेंड के बाद जब सोमवार आता है तो हर किसी को ऑफिस जाने की जल्दी होती है। जो हाउस मेकर्स होती हैं, उन्हें इसलिए जल्दी होती है क्योंकि उन्हें बच्चों और बड़ों के लिए टिफिन तैयार करना होता है। कई महिलाएं तो घर और दफ्तर दोनों का काम संभालती हैं।



ऐसे में अगर गलती से भी सुबह उठने में थोड़ा सा लेट हो जाए तो इसका सीधा असर नाश्ते पर पड़ता है। लेट उठने की वजह से लोग अक्सर नाश्ता करना स्किप कर देते हैं, जबकि सुबह का नाश्ता हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है। सुबह का नाश्ता करने से पूरा दिन शरीर स्फूर्ति से भरा रहता है।

ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे नाश्ते की डिश के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे आप महज 10 मिनट में बना सकते हैं। दरअसल आज हम आपको चीला बनाना सिखाएंगे। ये चीला बेसन या सूजी का नहीं है बल्कि आटे का है। आटा आपको अच्छी मात्रा में प्रोटीन और फाइबर से भर देता है, वहीं सब्जियां आपके भोजन में आवश्यक खनिज और विटामिन जोड़ती हैं। ऐसे में आप सुबह फटाफट आटे का चीला बनाकर खा सकते हैं।

आटे का चीला बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक कप आटा लेना है। इस आटे में नमक, हल्दी और दही दालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद पा नी डा ल क र इसका स्मूद बैटर तैयार कर लें।जब इसका बैटर तैयार हो जाए तो अ ज वा य न , अदरक, हरी मिर्च और सभी सब्जियां इसमें डाल कर सही से मिला लें। इसके बाद तवे को गैस पर रखकर गर्म करें। जब तवा गर्म हो जाए तो इसपर हल्का सा तेल लगा दें ताकि तवा चिकना हो जाए। इसके बाद तवे पर बड़ी चम्मच की मदद से बैटर डालकर उसका चीला बना लें। इसे दोनों तरफ से कुरकुरा होने तक पकाएं। जब ये पक जाए तो हरी चटनी और कैचअप के साथ इसे परोसें।

## अगर आपके हाथ पर भी है मंगल रेखा तो आपको नहीं होगी धन की कमी

मंगल रेखा का भाग्य रेखा से संयोग बहुत ही शुभ माना जाता है। हनुमान जी को मंगल ग्रह के इष्ट देव का रूप माना जाता है। रामभक्त हनुमानजी ने अपनी भक्ति के बल पर वानर सेना के साथ सेतु बनाकर लंका पर विजय प्राप्त की थी।

हाथ की कुछ रेखाएं शुभ मानी जाती हैं तो कुछ अशुभ। हाथ की रेखाओं के माध्यम से ही व्यक्ति के भविष्य की जानकारी मिलती है। ऐसी ही महत्वपूर्ण रेखाएं हैं मंगल रेखा और भाग्य रेखा। मंगल रेखा जीवन रेखा के समानांतर होती है। वहीं मंगल रेखा का भाग्य रेखा से संयोग बहुत ही शुभ माना जाता है। हनुमान जी को मंगल ग्रह के इष्ट देव का रूप माना जाता है। रामभक्त हनुमानजी ने अपनी भक्ति के बल पर वानर सेना के साथ सेतु बनाकर लंका पर विजय प्राप्त की थी। हस्तरेखा विज्ञान के अनुसार यदि किसी व्यक्ति के हाथ में मंगल का चिन्ह यानि हनुमानजी का चिन्ह है तो शनि की साढ़े साती उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। आइए जानते हैं हाथ में मंगल रेखा किस प्रकार का फल देती है।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार मंगल रेखा का हथेली में होना अच्छा माना जाता है। मंगल रेखा से कोई रेखा निकलकर भाग्य रेखा में मिले तो ऐसा जातक खूब लाभ पाता है। उसे जीवन



में खूब पैसा और जमीन-जायदाद मिलती है।

यदि किसी व्यक्ति के हाथ में जीवन रेखा के साथ एक से अधिक मंगल रेखा हो अर्थात पहली बड़ी, दूसरी छोटी, तीसरी उससे छोटी हो तो उसे हनुमान रेखा या मंगल रेखा कहते हैं। यदि मंगल रेखा से निकलकर भाग्य रेखा में कोई रेखा मिल जाती है तो ऐसे व्यक्ति को बहुत धन और जमीन जायदाद की प्राप्ति होती है।

जिन लोगों के हाथ में मंगल रेखा से निकलकर शनि पर्वत तक कोई रेखा होती है, ऐसा व्यक्ति अत्यंत सौभाग्यशाली होता है। यदि मंगल रेखा से निकली हुई रेखा भाग्य रेखा को पार कर आगे बढ़े तो ऐसी स्थिति नुकसान करती है। यदि मंगल ग्रह उठा हुआ हो तो जातक के हाथ में हनुमानजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। यदि जीवन रेखा के साथ-साथ मंगल रेखा स्वच्छ हो, राहु रेखा उसे काटती हो और मंगल पर्वत पर शंख का चिह्न हो तो ऐसे व्यक्ति पर हनुमानजी की विशेष कृपा बनी रहती है।



## शादी के बाद ऐसे करें काम का बटवारा, बचेगा खूब सारा टाइम

शादी के बाद एक दूसरे के लिए नहीं निकाल पा रहे हैं समय? प्यार भी हो रहा है कम? ऐसे में आप अपने पति के साथ जिम्मेदारियां बांट सकती हैं। यहां दिए गए कुछ तरीके आपके बेहद काम आ सकते हैं। शादी एक ऐसा फैसला है जो एक लड़का और लड़की के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण होता है। ये बंधन न केवल दो लोगों को एक करता है बल्कि जिम्मेदारियां को भी बढ़ाता है। ऐसे में घर की जिम्मेदारियों के बीच में प्यार कहीं खो जाता है और हसबैंड एंड वाइफ अपने लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। बता दें कि यदि शादी के बाद जिम्मेदारियां को एक दूसरे में बराबरी से बांटा जाए तो इससे न केवल एक दूसरे के लिए समय निकाल पाना आसान होगा बल्कि प्यार भी बढ़ेगा। ऐसे में यहां गिए गए कुछ तरीकों से आप शादी के बाद एक दूसरे में जिम्मेदारियां बांट सकते हैं। सेलिब्रिटी ज्योतिष, रिलेशन गुरु, मोटिवेशनल स्पीकर और लाइफ कोच एक्सपर्ट डॉ. संदीप कोचर बता रहे हैं इस बारे में।

### रसोई में लें पति की मदद

लोगों की ये सोच बन गई है कि घर के काम केवल पत्नियां ही करेंगी। पर ऐसा नहीं है। यदि आपको अपने पति की जरूरत है तो आप उनसे खुलकर कह सकती हैं। जैसे आप उनसे सब्जी कटवा सकती हैं या रसोई के अन्य कामों में भी उनका साथ मांग सकती हैं। इससे न केवल समय बचेगा बल्कि पति-पत्नि में प्यार भी बढ़ेगा।



### आर्थिक रूप से करें मदद

अगर आप वर्किंग वाइफ हैं तो आर्थिक रूप से भी आप अपने पति का साथ दे सकती हैं। जैसे कुछ खर्च आप खुद उठा सकती हैं और कुछ खर्च आप अपने पति को उठाने दें। ऐसा करने से न केवल पति की जिम्मेदारियां थोड़ी कम होंगी बल्कि आपके रिश्ते में प्यार भी बढ़ेगा और रिश्ता समझदारी से आगे बढ़ेगा।

### मार्केट जाएं साथ

यदि आपको मार्केट से कुछ खरीदारी करनी है या घर का कुछ सामान खरीदकर लाना है तो आप बाजार अपने पति के साथ मिलकर जा सकती हैं। जैसे घर के लिए ग्रोसरी आप दोनों मिलकर कर सकते हैं। इससे घर का काम जल्दी खत्म होगा और आप एक दूसरे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता पाएंगे।

### काम को थोपे ना

यहां बात केवल काम बांटने की हो रही है ना कि अपने पार्टनर से बराबरी की और आप जबरदस्ती भी अपने पार्टनर को काम न थोपें। जो काम आप दोनों खुशी से कर पाएं, वहीं करें। जबरदस्ती करने से रिश्तों में टकराव आ सकती है। इससे अलग यदि आपका पार्टनर प्रोफेशनल लाइफ में ज्यादा व्यस्त है तो ऐसे में आप बराबर काम न बांटकर केवल कुछ ऐसे काम, जो आसानी से हो जाएं, वो दे सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### डिजीटल दौर में सावधानी बरतना पहली जरूरत

# ऑनलाइन शॉपिंग करें समझदारी के साथ वरना गंवा सकती हैं जिंदगी भर की कमाई

अगर देखा जाए तो आजकल लोगों का झुकाव ऑनलाइन शॉपिंग की तरफ ज्यादा हो गया है। वहीं, खासतौर पर युवा इसका इस्तेमाल ज्यादा करते हैं। इसमें किसी सामान को लेने घर से बाहर नहीं जाना पड़ता और अपने मोबाइल पर ही उस सामान की फोटो या वीडियो देखकर आप मंगवा सकते हैं। इसमें पेमेंट भी ऑनलाइन हो जाती है, तो कोई दिक्कत भी नहीं होती है और कई बार लोगों को अच्छा डिस्काउंट भी मिल जाता है। पर शायद आप ये नहीं जानते होंगे कि यहां आपकी एक छोटी सी गलती आपकी जीवन भर की कमाई को गलत हाथों में पहुंचा सकती है, क्योंकि जालसाज लोगों को ठगने का काम जो करते हैं। तो चलिए जानते हैं ऑनलाइन शॉपिंग करते समय कौन सी गलतियों को करने से बचना चाहिए, जिससे आप ठगी का शिकार न हों।



### फेक वेबसाइट या एप से खरीदारी न करें

अगर आप ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं, तो ये ध्यान रखें कि यहां कई फर्जी वेबसाइट और एप मौजूद हैं। इसलिए इनसे बचकर रहें। ये देखने में बिल्कुल असली जैसी होती हैं, इसलिए सावधानी बरतें और फेक वेबसाइट या एप से खरीदारी न करें। वरना आप ठगी के शिकार हो सकते हैं।

### विश्वसनीय वेबसाइट या एप से ही खरीदारी करें

किसी नई वेबसाइट या ऐसी किसी वेबसाइट या एप से खरीदारी करने से बचें, जिसके बारे में आपने कभी सुना न हो या जो आपको ज्यादा ही डिस्काउंट दे रही हो। लालच को दूर रखें और विश्वसनीय वेबसाइट या एप से ही खरीदारी करें, वरना आपके साथ ठगी हो सकती है।

### डिस्काउंट के लालच में फेक लिंक पर क्लिक कर देते हैं

आजकल जालसाज लोगों को कई लुभावने ऑफर्स देने के बहाने कई फेक लिंक उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज, ईमेल आदि पर भेज देते हैं। वहीं, लोग भी डिस्काउंट के लालच में इन पर क्लिक कर देते हैं, जिसके बाद जालसाज उनके मोबाइल को हैक करके उन्हें चपत लगा देते हैं। इसलिए कभी भूलकर भी ऐसे फर्जी लिंक और उन पर आने वाले ऑफर्स पर कभी विश्वास न करें और न ही क्लिक करें।




### मैनुअली ही अपनी बैंकिंग जानकारी भरें

ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान ज्यादातर लोग ऑनलाइन ही पेमेंट कर देते हैं। साथ ही लोग अपने डेबिट-क्रेडिट कार्ड नंबर या नेट बैंकिंग आईडी-पासवर्ड को शॉपिंग वेबसाइट पर ही सेव कर देते हैं। ऐसा कभी न करें, हमेशा मैनुअली ही अपनी बैंकिंग जानकारी भरें क्योंकि वेबसाइट हैक होने पर आप दिक्कत में पड़ सकते हैं। इसलिए अगर आप चाहें तो कैश ऑन डिलिवरी का ऑप्शन चुन सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'थॉर' के लिए पहले रिजेक्ट हो गए थे क्रिस , फिर ऐसे मिला रोल



हॉलीवुड के फेमस एक्टर क्रिस हेम्सवर्थ ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, बल्कि भारत में भी अपनी भूमिका 'थॉर' के कारण एक लोकप्रिय नाम बन गए हैं। क्रिस की मां लेओनी अंग्रेजी की टीचर थीं और पिता क्रेग एक सामाजिक कार्यकर्ता। उनके दो भाई ल्यूक और लियाम भी अभिनय की दुनिया में सक्रिय हैं। हीथमॉन्ट कॉलेज में स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही क्रिस की अभिनय में रुचि जागी, जिससे उनका रुझान इस क्षेत्र की ओर बढ़ा। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई टीवी शोज 'ग्विनेवीयर जोन्स' और 'नेबर्स' से की, जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई। फिर 2004 में उन्हें 'होम एंड अवे' में 'किम हाइड' की भूमिका मिली, जिसे उन्होंने 2007 तक निभाया। इस दौरान उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने अमेरिका का रुख किया। 2009 में क्रिस ने स्टार ट्रेक फिल्म में 'जॉर्ज किर्क' की भूमिका से हॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। पर असली पहचान उन्हें 2011 में तब मिली जब उन्होंने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में थॉर की भूमिका निभाई- यह फिल्म सफल रही और उन्हें वैश्विक स्तर पर शोहरत मिली। इसके बाद उन्होंने 'एवेंजर्स', 'थॉरः द डार्क वर्ल्ड', 'रश', 'एक्स्ट्रैक्शन', 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' जैसी कई फिल्में कीं, जिनसे उनकी लोकप्रियता और स्टारडम के शिखर पर पहुंचा दिया।

### टॉलीवुड

## महेश बाबू के फैंस को तोहफा! प्रियंका संग फिल्म की आई पहली झलक



सुपरस्टार महेश बाबू के जन्मदिन पर पिछले दिनों राजामौली और प्रियंका चोपड़ा के साथ उनकी नई फिल्म का फर्स्ट् लुक पोस्टर रिलीज किया गया है। इसी के साथ फिल्म के नाम को लेकर भी कयास लगने शुरू हो गए हैं। इस मेगा बजट फिल्म की खास बात ये है कि राजामौली ने पोस्टर शेयर करते हुए एक नया हैशटैग 'ग्लोडब ट्रॉटर' इस्तेथमाल किया है। इसके बाद से ही चर्चा होने लगी है कि कहीं फिल्मफ का टाइटल 'ग्लोफब ट्रॉटर' तो नहीं है। वैसे, जानकारी के लिए बता दें कि 'ग्लोडब ट्रॉटर' का मतलब ऐसे इंसान है, जो दुनिया घूमता है। हालांकि, अभी तक फिल्म के आधिकारिक टाइटल का ऐलान नहीं किया गया है। ऐसे में समझा ये भी जा रहा है कि संभवतः यह फिल्मत की थीम और प्लॉटट से जुड़ा एक प्रमोशनल हैशटैग भी हो सकता है। वैसे, राजामौली ने पहली बार फिल्म की रिलीज लेकिन दोनों ने फिल्म के आधिकारिक तौर पर पहली बार रिलीज को लेकर भी खुलासा किया है। यह फिल्म नवंबर 2025 में सिनेमाघरों में आएगी। महेश बाबू के जन्मदिन पर, एक्टएर और राजामौली, दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक जैसे पोस्ट शेयर किए, इसमें महेश की छाती का क्लोज-अप है। एक्ट र ने एक लो-कट बनियान पहन रखा है, जिसके एक हिस्से पर खून लगा हुआ है। उनके गले में भगवान शिव के त्रिशूल और उनके बैल नंदी की मूर्ति वाला एक पेंडेंट भी दिखाई दे रहा है। महेश बाबू ने इस फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'आप सभी के प्यार के लिए शुक्रिया... मैं भी, आप सभी की तरह, नवंबर 2025 का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ताकि आप सभी के साथ इसका आनंद उठा सकूं।

### भोजपुरी

## रितेश का नया भोजपुरी गाना 'रेलिया' रिलीज, डिंपल के साथ बनी दमदार जोड़ी



भोजपुरी सिंगर रितेश पांडे ने अपने अब तक के करियर में एक से बढ़कर म्यूजिक वीडियो इंडस्ट्री को दिए. रितेश ने कई भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है जो सफल रहीं। अब रितेश का नया भोजपुरी गाना 'रेलिया' रिलीज हुआ है, जिसमें वो एक्ट्रेस डिंपल सिंह के साथ नजर आए हैं। ये एक सैड सॉन्ग है, जिसमें पति और पत्नी की एक छोटी कहानी वीडियो के जरिए दिखाई गई है। इस गाने को यूट्यूब पर रितेश पांडे के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। रितेश पांडे का नया गाना 'रेलिया' एक अच्छा भोजपुरी सॉन्ग है, जिसे यूट्यूब पर आप भी पसंद करेंगे। रितेश पांडे ने इससे पहले 'लंदन से लाएंगे' और 'हैलो कौन..हम बोल रहे' जैसे म्यूजिक वीडियो इंडस्ट्री को दिए हैं। इन गानों को यूट्यूब पर अच्छे-खासे व्यूज मिले और आज भी यूपी-बिहार के लोग इन गानों को पसंद करते हैं। प्रियांशु सिंह म्यूजिक नाम के इंस्टाग्राम पेज पर 'रेलिया' गाने का पोस्टर शेयर किया गया था। इसके कैप्शन में लिखा गया, 'जल्द आ रहा है सुपरस्टार रितेश पांडे की आवाज में सुपरहिट जोड़ी डिंपल सिंह के साथ ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर.' इस पोस्टर में रितेश पांडे और डिंपल सिंह नजर आ रहे हैं। इस गाने को निक्की निहाल ने लिखा है, जबकि इसके म्यूजिक डायरेक्टर प्रियांशु सिंह हैं। गाने को रितेश पांडे और डिंपल सिंह पर फिल्माया गया है जो पहले भी कई म्यूजिक एल्बम में नजर आ चुके हैं। इस म्यूजिक वीडियो को असलम खान ने डायरेक्ट किया है जबकि इसके प्रोड्यूसर गुड्डी कुमार सिंह हैं।

कल्चर का जोड़

लाइफ स्टाइल




सदियों पुरानी हमारी संस्कृति हमारे फैशन में अक्सर झलकती है। आज फैशन जिस रूप में है, उसने हमारे कल्चर को जोड़ रखा है। आज फैशन का मतलब सिर्फ़ सिला हुआ कपड़ा नहीं, बल्कि इसके हर धागे में संस्कृति बुनी हुई है। यही जादू है आदिवासी और स्वदेशी परिधानों का फ़ैशन की दुनिया में। इस वजह से आज दुनिया के ज्यादातर फैशन इंस्टीट्यूट आदिवासी और स्वदेशी परिधानों का अध्ययन करवाते हैं।

# बारिश में फेस जेल का इस्तेमाल करने से मिलते हैं फायदे

बारिश एक ऐसा मौसम होता है, जब हम सभी को स्किन से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में जब नमी का स्तर बढ़ जाता है, तो स्किन भी ऑयली व चिपचिपी महसूस होने लगती है। इतना ही नहीं, स्किन पोर्स के क्लॉग होने के कारण ब्रेकआउट्स आदि की शिकायत भी हो सकती है। ऐसे में आपकी स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है।

**स्किन नहीं होती चिपचिपी :** यह देखने में आता है कि जब मानसून के सीजन में क्रीम या लोशन आदि को स्किन पर अप्लाई किया जाता है तो इससे स्किन काफी चिपचिपी महसूस होती है। लेकिन फेस जेल के साथ ऐसा नहीं होता है। चूंकि ये वाटर बेस्ड फार्मूला होते हैं, इसलिए स्किन पर काफी लाइट होते हैं। इनकी मदद से स्किन का हाइड्रेशन लेवल तो बना रहता है, लेकिन वे आपकी स्किन को चिपचिपा या ग्रीसी नहीं बनाते हैं।



**देते हैं कूलिंग इफेक्ट :** मानसून के दौरान स्किन में इचिंग आदि की समस्या काफी बढ़ जाती है। खासतौर से, बारिश के पानी के कारण आपकी स्किन काफी इरिटेटिड महसूस करती है। ऐसे में भी फेस जेल (एलोवेरा जेल का इस्तेमाल) का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। जब आप अपने फेस को क्लीन करने के बाद फेस जेल का इस्तेमाल करते हैं तो ये स्किन को कूलिंग इफेक्ट देते हैं। अधिकतर फेस जेल को एलोवेरा, खीरा या ग्रीन टी आदि को शामिल किया जाता है, जो आपकी स्किन को गर्मी और उमस से राहत प्रदान करते हैं।

### आसानी से हो जाते हैं अब्जॉर्ब

मानसून के दौरान पसीने और नमी के कारण स्किन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आपको ऐसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने की जरूरत होती है, जो स्किन में जल्दी से अब्जॉर्ब हो जाएं। इस लिहाज से फेस जेल का इस्तेमाल करना काफी अच्छा रहता है। चूंकि यह जल्दी अब्जॉर्ब होते हैं, इसलिए आपको कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स का सामना नहीं करना पड़ता है।

### ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद

मानसून के दौरान ऑयली स्किन की परेशानियां काफी बढ़ जाती हैं। ऐसे में अगर फेस जेल का इस्तेमाल किया जाता है तो इससे उन्हें काफी लाभ मिलता है। अधिकतर फेस जेल को तैयार बनाते समय उसमें सैलिसिलिक एसिड या विच हेज़ल इंग्रीडिएंट्स को शामिल किया जाता है, तो अतिरिक्त सीबम प्रोडक्शन को कम करने और पोर्स को क्लॉग होने से बचाने में मदद कर सकते हैं। इससे ह्यूमिडिटी के इस मौसम में भी आपको एक मैट फिनिश लुक मिलता है।

# ऑफिस फॉर्मल लुक के लिए ट्रेंडी फुल स्लीव्स सूट डिजाइन को करें स्टाइल

फैशन





ऑफिस के लिए ऐसे सूट पहने जिनमें आप कम्फर्टेबल रहें साथ ही फॉर्मल भी लगें। इसके लिए आपको इन डिजाइन को ट्राई करें।

जब भी हम कुर्ती या सूट खरीदते हैं तो सबसे पहले हम उनका डिजाइन देखते हैं। लेकिन जब ऑफिस में सूट पहनने के बारे में सोचते हैं तो कई सारे डिजाइन सर्च करते हैं ताकि जो भी पहनें वो फॉर्मल लेग। इसके लिए आप फुल स्लीव्स सूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको बहुत अच्छे ऑप्शन मिल जाएंगे। इसको पहनकर आप कम्फर्टेबल भी रहेगी साथ ही ऑफिस के लिए कुछ नया ट्राई कर पाएंगी।

**प्लेन सूट विद फुल स्लीव्स :** जब भी हम ऑफिस के लिए कपड़े सर्च करते हैं तो सबसे पहले प्लेन कपड़ों पर हमारी नजर जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तरीके के कपड़े ऑफिस में क्लासी लगते हैं। आप भी इसी तरीके के फुल स्लीव्स सूट को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप फ्रंट कट वाली स्लीव्स खरीद सकती हैं। इस तरीके से सूट डिजाइन काफी अच्छे लगते हैं साथ ही दिखने में भी क्लासी होते हैं। आपको भी इन्हें ऑफिस के लिए ट्राई करना चाहिए। मार्केट में इस तरीके के सूट आपको 200 से 400 की रेंज में मिल जाएंगे। इन सूट के साथ आप पर्ल या स्टोन इयररिंग्स और न्यूड मेकअप ट्राई कर सकती हैं।



**डबल प्रिंट फुल स्लीव्स सूट डिजाइनः** अगर आप प्रिंटेड सूट स्टाइल करना पसंद करती हैं तो ऐसे में आप इस तरीके के सूट को फुल स्लीव्स (स्लीम दिखने के लिए सूट डिजाइन) में खरीद सकती हैं। इसमें आपको डबल प्रिंट वाली स्लीव्स मिलेंगी। इस तरीके के फुल स्लीव्स सूट भी ऑफिस में काफी अच्छे होते हैं। इसमें आप अलग-अलग तरह के डिजाइन, कलर और पैटर्न खरीद सकती हैं। मार्केट में ये आपको कॉटन फैब्रिक में 500 से 600 की रेंज में मिल जाएंगे। इस तरीके के सूट डिजाइन के साथ आप ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

**चूड़ीदार फुल स्लीव्स सूट :** कई सारे सूट में सिंपल स्लीव्स आती हैं लेकिन अगर आप ऑफिस के लिए फुल स्लीव्स सूट डिजाइन सर्च कर रही हैं तो इसके लिए आप चूड़ीदार स्लीव्स को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की स्लीव्स में भी कई सारे सूट (सिंपल सूट डिजाइन) ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। इनकी खास बात ये होती है कि इससे आपके हाथों में टैनिंग नहीं होती है इस तरीके के सूट को भी आप ऑफिस में वियर कर सकती हैं।

# बालों को बढ़ाने के लिए करें भीगे हुए बादाम का इस्तेमाल

बादाम के तेल का इस्तेमाल अक्सर हम चंपी करने के लिए करते हैं। लेकिन इस बार इसका इस्तेमाल यहां बताए गए तरीके से करें। इससे बाल कम समय में लंबे हो जाएंगे।

आपने अपने घर में बड़े-बुजुर्गों को ये कहते हुए तो सुना ही होगा कि रोजाना बादाम खाने से दिमाग तेज होता है और सेहत अच्छी बनी रहती है। ये हेल्थ के लिए काफी लाभकारी होते हैं। इसी के साथ-साथ ये बालों के लिए काफी अच्छे होते हैं। अक्सर आप इसका इस्तेमाल तेल के रूप में करते हैं लेकिन इस बार इसे भिगोकर अपने बालों में लगाएं। इससे आपके बाल तेजी से बढ़ेंगे, साथ ही घने और हेल्दी नजर आएंगे। इसके लिए बस आपको इन तरीकों को ट्राई करना होगा।

**भीगे हुए बादाम का करें बालों में इस्तेमाल :** लोगों को रोज सुबह अपनी डाइट में भीगे हुए बादाम खाना पसंद होता है ये इसलिए क्योंकि ये शरीर को एनर्जी देता है। लेकिन आप इसका इस्तेमाल भिगोकर भी कर सकती हैं।



### बादाम का हेयर पैक बनाने का तरीका

इसके लिए 6-7 बादाम रात में भिगोकर रख लें। अगली सुबह उठकर इन्हें पीसे। फिर इसमें अंडा फेटकर डालें। इसके बाद इस मिश्रण को हेयर ब्रश या फिर हाथों की मदद से स्कैल्प पर लगाएं। इस पैक को 1 घंटे के लिए बालों में लगा रहने दें। कुछ ही महीनों में आपको बाल लंबे नजर आने लगेंगे। बालों की शाइनी के लिए भी आप भीगे हुए बादाम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### बालों को नेचुरली करता है कंडीशनर

अगर आप अपने बालों को नेचुरल कंडीशनर करना चाहते हैं तो बादाम का इस्तेमाल (बालों के लिए फायदेमंद है बादाम) कर सकती हैं। इसके लिए आप बादाम को दूध के साथ इस्तेमाल करें और घर पर ही कंडीशनर तैयार करके इसका इस्तेमाल करें इससे भी आपके बाल सिल्की और शाइनी हो जाएंगे।

# सॉफ्ट स्किन पाने के लिए इस तरह करें एलोवेरा जेल का इस्तेमाल

त्वचा पर एलोवेरा जेल लगाने से झुर्रियों से लेकर डार्क स्पॉट्स तक की समस्या कम होती है। आप एलोवेरा जेल को अपने स्किन केयर रूटीन में कई तरीकों से शामिल कर सकती हैं।

त्वचा की देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए हमें पता होना चाहिए कि स्किन टाइप कैसा है। हम सभी की स्किन टाइप अलग-अलग होती है। ड्राई स्किन के कारण खुजली की समस्या हो जाती है। खुजली होने पर त्वता लाल पड़ने लगती है।

इसलिए ड्राई स्किन को सॉफ्ट रखना चाहिए। इसके लिए आपको किसी क्रीम या मॉइश्चराइजर की जरूरत नहीं है। आप त्वचा पर एलोवेरा जेल का उपयोग कर सकती हैं। चलिए जानते हैं ड्राई



स्किन के लिए एलोवेरा जेल का उपाय से लेकर इसके अन्य फायदों के बारे में।

**ड्राई स्किन के कारण :** त्वचा को गर्म पानी से साफ करने की वजह से स्किन ड्राई हो जाती है। गर्म पानी स्किन का मॉइश्चर छिन लेती है, जिसके कारण त्वचा रूखी और फ्लैकी होने लगती है। इसलिए गर्म के बजाय ठंडे पानी से चेहरा धोएं।

डेड स्किन सेल्स को रिमूव करना जरूरी होता है। इसके लिए त्वचा को स्क्रब किया जाता है। त्वचा को जरूरत से ज्यादा स्क्रब करने से भी त्वचा रूखी हो जाती है। इसलिए स्किन टाइप और जरूरत अनुसार ही स्क्रब करें।


स्किन का पीएच लेवल बैलेंस बिगड़ने के कारण त्वचा रूखी हो जाती है। इसलिए त्वचा पर हार्श साबुन का उपयोग नहीं करना चाहिए। ठंड और लो-ह्यूमिडिटी के कारण भी स्किन रूखी होने लगती है। त्वचा पर मॉइश्चराइजर का उपयोग न करने की वजह से भी स्किन ड्राई हो जाती है। इसलिए त्वचा पर जेल बेस्ड चीजों का इस्तेमाल करें। कैसे करें सॉफ्ट स्किन के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल

कार्नर न्यूज

## महिला-पुरुष दोनों फैशन में त्वचा में कसाव के लिए मौजूद है घरेलू उपाय

त्वचा की देखभाल करने के लिए आपको नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इन चीजों में किसी भी तरह का केमिकल नहीं होता है। हम सभी जानते हैं महिला-पुरुष दोनों फैशन में त्वचा की देखभाल करना बेहद जरूरी होती है। हालांकि एक उम्र के बाद त्वचा में कई तरीके के बदलाव नजर आने लगते हैं, लेकिन अगर हम समय रहते सही तरीके से त्वचा का ख्याल रखेंगे तो आपकी त्वचा लम्बे समय तक जवां और खूबसूरत नजर आएगी। वहीं जवां नजर आने के लिए त्वचा में कसाव का बरार होना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप घर में मौजूद चीजों की मदद ले सकते हैं। वहीं ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी ने भी इसपर कई जानकारी दी है।

# त्वचा में कसाव लाने के लिए महंगे साधन छोड़ अपनाएं घरेलू उपाय, दिखेंगे हमेशा जवां



### कॉफ़ी को चेहरे पर लगाने के फायदे

कॉफी पाउडर स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। साथ ही कॉफी पाउडर धूप से होने वाले स्किन डैमेज से भी बचाता है।कॉफी का इस्तेमाल स्किन की गंदगी को खत्म करने के लिए भी किया जाता है।

### चेहरे पर बादाम लगाने के फायदे

बादाम में मौजूद तत्व त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। इसमें प्रोटीन और फैटी एसिड मौजूद होता है, जो त्वचा को पोषण देने में मदद करता है। स्किन को सॉफ्ट और जवां रखने के लिए बादाम बेहद फायदेमंद होता है।

### त्वचा में कसाव लाने के लिए शहद के फायदे

शहद आपकी त्वचा में इलास्टिसिटी बरकरार रखने में मदद करती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व आपके चेहरे पर रिंकल्स और फाइन लाइंस को होने से रोककर रखने में मदद करता है। एक स्टडी के मुताबिक त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए बेहद फायदेमंद होता है, जिससे आपके चेहरे के पोर्स क्लीन होते हैं और चेहरा निखरा हुआ नजर आता है।



### त्वचा में कसाव लाने के लिए यह घरेलू उपाय

त्वचा में कसाव बरकरार रखने के लिए सबसे पहले आप करीब 8 से 10 बादाम को रात भर पानी में भिगोकर रख दें। अगली सुबह एक बाउल में भिगोये हुए बादाम को पीसकर डालें। पीसने के लिए आप मिक्सर का इस्तेमाल करें। इसके बाद आप करीब आधा चम्मच से थोड़ा कम कॉफ़ी पाउडर और 2 चम्मच शहद की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद आप चेहरे को साफ करके लगा लें। इसे लगाने के लिए आप ब्रश की सहायता ले सकती हैं। करीब 20 मिनट तक इस पैक को चेहरे पर लगा रहने दें। पानी और कॉटन की मदद लेकर चेहरे को साफ कर लें। इस नुस्खे का इस्तेमाल आप हफ्ते में 2 बार तक कर सकती हैं। कुछ ही दिनों में आपको चेहरे की त्वचा में बदलाव नजर आने लग जाएगा।-